वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2010 - 2011

Empowering change for a better tomorrow.

बैंक ऑफ़ इंडिया

रिश्तों की जमापूँजी

विषय सूची	पृष्ठ संख्या	CONTENTS	PAGE NO.
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य	1	Chairman & Managing Director's Statement	30
निदेशक रिपोर्ट	4	Directors' Report	33
कंपनी अभिशासन रिपोर्ट	59	Corporate Governance Report	59
तुलन-पत्र	78	Balance Sheet	78
लाभ एवं हानि खाता	79	Profit & Loss Account	79
लेखे पर टिप्पणियां	95	Notes on Account	95
लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	121	Auditors' Report	121
बैंक की समेकित वित्तीय विवरणी	123	Consolidated Financial Statement of the Bank	123
बासल II (स्तम्भ 3) प्रकटीकरण (समेकित)	162	Basel II (Pillar 3) Disclosures (Consolidated)	162
वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना	191	Notice of the Annual General Meeting	191
परोक्षी फार्म	197	Proxy Form	198
उपस्थिति पत्र	199	Attendance Slip	199
दृष्टिकोण, लक्ष्य वक्तव्य एवं गुणवत्ता नीति	200	Vision, Mission Statement and Quality Policy	200

निदेशक
Directors

आलोक मिश्रा
Alok K Misra
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

बी. ए. प्रभाकर
B. A. Prabhakar
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

एन. शेषाद्री
N. Seshadri
कार्यपालक निदेशक
Executive Director

तरुण बजाज
Tarun Bajaj

पी.के. पांडा
P.K. Panda

एम. एन. गोपीनाथ
M. N. Gopinath

प्रकाश पी. माल्या
Prakash P. Mallya

पी. एम. सिराजुद्दीन
P. M. Sirajuddin

डॉ. शांताबेन चावडा
Dr. Shantaben Chavda

हरविंदर सिंह
Harvinder Singh

के.के. नायर
K.K. Nair

सांविधिक लेखा परीक्षक
Statutory Auditors

सुंदरम एंड श्रीनिवासन
Sundaram & Srinivasan

अग्रवाल एंड सक्सेना
Agarwal & Saxena

शंकरन एवं कृष्णन
Sankaran & Krishnan

चतुर्वेदी एवं शाह
Chaturvedi & Shah

एल. बी. झा एवं कंपनी
L B Jha & Co

कर्णावत एंड कंपनी
Karnavat & Co.

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय

स्टार हाउस, सी-5, "जी" ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.
फोन नं.: 66684444
वेबसाइट: www.bankofindia.co.in

HEAD OFFICE

Star House, C-5, `G' Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai - 400 051. Phone: 66684444
E-mail: headoffice.share@bankofindia.co.in
Website: www.bankofindia.co.in

महत्वपूर्ण सूचनाएँ		Important Information	
प्रस्तावित लाभांश	₹ 7/- प्रति शेयर (70%)	Proposed Dividend	₹ 7/- per share (70%)
लेखा बंदी	09.07.2011 से 14.07.2011	Book Closure	09.07.2011 to 14.072011
वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि एवं समय	गुरुवार 14.07.2011 3.30 P.M.	Date & Time of AGM	Thursday 14.07.2011 3.30 P.M.
वार्षिक सामान्य बैठक का स्थान	सर सीताराम एंड लेडी शान्ताबाई पाटकर कन्वोकेशन हॉल, 1 नाथीबाई ठाकरसी रोड, क्वीन्स रोड, फोर्ट, (चर्चगेट रेल्वे स्टेशन के करीब), मुंबई - 400 020	AGM Venue	Sir Sitaram and Lady Shantabai Patkar Convocation Hall, 1 Nathibai Thackersey Road, Queens Road, Fort, (Near Church Gate Railway Station), Mumbai - 400 020

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए आपके महान तथा लंबे समय से कार्यरत संस्था की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही हे।

हम नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, बीते वर्ष पर सरसरी नजर डालना शिक्षाप्रद होगा तथा आगे आने वाली चुनौतियों तथा अवसरों का जायजा मिलेगा।

वर्ष 2010 में वैश्विक वसूली और अधिक देशों को सम्मिलित करते हुए और शक्ति अर्जित की, परिपक्वता प्राप्त की तथा विस्तारित हुई। 2010 के प्रथम अर्धवर्ष में वसूली प्रक्रिया का अनिश्चय नवबंर 2010 के आरम्भ से जून 2011 तक जारी होने से यूएस डॉलर 600 बिलियन की परिमाणत्मक सुगमता का दूसरा अंश घोषित करने के लिए प्रेरित हुआ। विश्व के प्रमुख केन्द्रीय बैंकों जैसे फेड, ईसीबी तथा बैंक ऑफ़ इग्लैंड द्वारा सरल मौद्रिक उद्देश्य के क्रम में वैश्विक मंदी के दोहरे गिरावट से बचने के लिए 2010 में वैश्विक जीडीबी में सशक्त वसूली के लिए सहायक हुई।

अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि की भविष्यवाणी के अनुसार 2010 में 5% वृद्धि की तुलना में 2011 में विश्व उत्पादन 4.4% तक रहेगा। विकासशील देशों के अंतर्गत "विकासशील एशिया" (चीन, भारत तथा एएसईएन-5) का विकास 2011 में 8.4% अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, विश्व व्यापार संस्था के अनुमान के अनुसार 2010 में 14.5% की उल्लेखनीय वृद्धि की तुलना में 2011 में 6.5% विकास की संभावना है। 2011 में वैश्विक कारोबार विकास में विकाशील अर्थव्यवस्था के अग्रणी रहने की संभावना है। नीतिगत मंच के रूप में जी-20 के सशक्तीकरण का भी वर्ष 2010 गवाह रहा। सशक्त, अनवरत तथा संतुलित वृद्धि के लिए जी-20 प्रतिबद्ध है जो भावी वैश्विक अर्थव्यवस्था का शगुन है।

यद्यपि प्रथम तीन तिमाहियों में 8.0% वृद्धि दर्ज करने के बाद 2010-11 की चतुर्थ तिमाही में 7.8% की सामान्य वृद्धि रही। केन्द्रीय सांख्यिकीय संस्था (सीएसओ) के अनुमानित गणना के अनुसार 2009-10 में 0.4% की तुलना में दो वर्ष के अन्तराल में सामान्य मानसून ने कृषि में 6.6% वृद्धि की। संपदा क्षेत्र में उत्पादन की धीमी गतिविधि का अंदाजा अप्रत्यक्ष कर के महत्वपूर्ण वृद्धि से लगाया जा सकता है। 2010-11 में उच्च वृद्धि का कारण केवल घरेलू मांग ही नहीं रही बल्कि उसी तरह मजबूत बाहरी मांग भी समानान्तर चलती रही। 2010-11 में भारतीय निर्यात 37.6% बढ़ा। अप्रैल 2010 तथा मार्च 2011 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में सूचकांक की वृद्धि भी प्रदर्शित हुई। 2010-11 के दौरान एफआईआईएस अन्तर्वाह लगभग यूएस डॉलर 20 बिलियन रहा।

उच्च वृद्धि के साथ 2010-11 के प्रमुख भाग में अर्थव्यवस्था उच्च स्तरीय मुद्रास्फिति की गवाह रही। मुद्रास्फिति रोकने के लिए मार्च 2010 के आरंभ से भारतीय रिज़र्व बैंक ने 8 बार पॉलिसी दर में वृद्धि की। यद्यपि उधार दर पॉलिसी दर के अनुसार रहा। बैंकों ने 2010-11 में अपने ऋण पोर्टफोलियो में समुचित रूप से उच्च वृद्धि दर्ज की तथा अर्थव्यवस्था सशक्त मांग प्रभाव प्रदान की। बैंकिंग प्रणाली के लिए अग्रिम में 21.4% की वृद्धि हुई जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 20% वार्षिक लक्ष्य वृद्धि से अधिक है। यद्यपि जमाराशि वृद्धि में भारतीय रिज़र्व बैंक के 2010-11 हेतु 18% लक्ष्य में गिरावट आई तथा केवल 15.8% की वृद्धि रिकार्ड की। प्रतिरोधात्मक नकदी कमी की वजह से कम जमाराशि वृद्धि को विस्तारित अवधि के योगदान हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ अपेक्षित 3 जी राजस्व नीलामी राशि से सरकार की पार्किंग अधिक रही।

वृद्धिशील क्रूड तथा उपयोगी वस्तु की कीमतें मुद्रास्फिति पर मांग दबाव सहित संलग्न हो गई जिसे पिछले कुछ महीनों में पाया गया तथा अर्थव्यवस्था का वित्तीय वर्ष 2011-12 में प्रवेश करने के प्रमुख पॉलिसी चुनौती के मुद्रास्फिति प्रबंधन के रूप में प्रस्तुत किया गया। मौद्रिक नीति उपायों तथा आधार रूप पभाव से अपेक्षित है कि मुद्रास्फिति स्तर को नीचे लाया जाए जिससे मिडीयम टर्म में उच्च वृद्धि गति बरकरार रहे। सशक्त लीड, विनिर्माण तथा सेवाओं के लिए संकेतक है, सामान्य मानसून की अपेक्षा है, दूरदर्शी मेक्रोइकोनॉमी प्रबंधन सहित युग्म बाह्य क्षेत्र में लचीलापन वर्ष 2011-12 को कार्य करने हेतु एक उज्ज्वल वित्तीय वर्ष के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

2010-11 के दौरान, आपके बैंक ने 5 लाख करोड़ का समिश्र कारोबार के मील के पत्थर को पार कर लिया है। बैंक के वैश्विक कारोबार ने 28.41% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 5,14,040 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया है। 31 मार्च 2011 को स्वदेशी कारोबार ₹ 4,18,110 करोड़ पर पहुँच गया और इसमें 26.02% की वार्षिक वृद्धि देखने को मिली। समुद्रपारीय कारोबार 39.87% तक बढ़कर ₹ 96,930 करोड़ तक पहुँच गया है। कठिन नकदी के वर्ष में आपके बैंक ने जमाराशि संग्रहण में अच्छी प्रगति दर्शाई है। बैंकिंग प्रणाली के 15.9% की वृद्धि की तुलना में आपके बैंक की जमाराशि वृद्धि 26.9% रही। इससे जमाराशि के बाजार हिस्सेदारी 4.18% से बढ़कर 4.58% हुई। अग्रिम क्षेत्र में भी, बैंकिंग सिस्टम ने 21.5% की वृद्धि दर्ज की जबकि आपके बैंक में यह वृद्धि 22.9% रही। 2010 में 4.03% की तुलना में 2011 में अग्रिम में हिस्सेदारी बढ़कर 4.07% हुई। पिछले वर्ष की की तुलना में ₹ 61,843 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2011 तक कासा जमाराशि बढ़कर ₹ 73,139 करोड़ रही। बैंक का ग्राहक आधार बढ़कर 45.05 मिलियन हुआ (वर्ष के दौरान 8.08 मिलियन ग्राहक जोड़े)।

तथापि सेवारत तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु अधिवार्षिकी संबंधित भुगतानों के लिए प्रणाली द्वारा अधिदेशित उच्च प्रावधान, 2010-11 हेतु कुल लाभ 42.94% बढ़कर ₹ 2,489 करोड़ हो गया। यह उच्च लाभ बढ़ते 'एनआईएम' तथा एनपीए के गिरावट की वजह से रहा। घरेलू परिचालनों हेतु एनआईएम वित्तीय वर्ष 2011 में बढ़कर 3.31% हो गया जोकि 2010 में 2.92% था। वैश्विक स्तर पर वित्तीय वर्ष 2010 एनआईएम 2.51% था जो वित्तीय वर्ष 2011

में बढ़कर 2.92% हो गया। बैंक का सकल एनपीए दर 31 मार्च, 2010 के 2.85% की तुलना में 31 मार्च, 2011 में सुधरकर 2.23% रहा तथा शुद्ध एनपीए दर मार्च, 2010 के 1.31% से सुधरकर मार्च, 2011 में 0.91% रहा। वर्ष 2010-11 में न केवल एनपीए स्तर नीचे आया बल्कि बैंक ने प्रावधान कवरेज दर में महत्वपूर्ण सुधार किया। प्रावधान कवरेज दर में 31 मार्च, 2010 के 65.51% से 31 मार्च, 2011 तक 72.18% का दृष्यात्मक सुधार हुआ। कर्मचारी गुणवत्ता के मापन अनुसार, प्रति कर्मचारी कारोबार तथा प्रत्येक कर्मचारी सकल लाभ में भी वर्ष 2011 में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया। पिछले वर्ष के ₹ 1,011 लाख से 31 मार्च, 2011 तक प्रति कर्मचारी कारोबार ₹ 1,284 लाख रहा, सकल लाभ प्रति कर्मचारी पूर्व वर्ष के ₹ 11.86 लाख से 31 मार्च, 2011 तक ₹ 17.89 लाख बढ़ा।

मुझे आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आपके बैंक के निदेशक मंडल ने इस वर्ष 70% लाभांश की घोषणा की है।

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान दीर्घकालिक वृद्धि हेतु कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों अर्थात ग्राहक आधार में वृद्धि, सामाजिक जिम्मेदारी मोर्चे पर सेवाएं देने में, अंतर्राष्ट्रीय पहचान का विस्तार जैसी कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। कुछ पहलों को मैं बताना चाहूंगा -

वर्ष 2010-11 के दौरान प्रारंभ पहलें:

- त्वरित निर्णय सुनिश्चित करने तथा बाज़ार में बैंक को भी प्रतियोगी धार उपलब्ध कराने हेतु आपके बैंक ने अपने कारोबार प्रक्रिया संरचना का पुनर्गठन किया है। पुनर्गठन के परिणामस्वरूप बैंक के संपूर्ण कारोबार को दो स्थूल समूह में वर्गीकृत किया गया है। 'थोक व अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूल' तथा नेशनल बैंकिंग समूह। बृहत कार्पोरेट, मध्य कार्पोरेट, एसएमई, खुदरा और ग्रामीण हेतु पृथक वर्टिकल्स तैयार किए गए। इन वर्टिकल्स की व्यवसायिक वृद्धि एवं सुविधा हेतु आपके बैंक ने वर्ष 2010-11 के दौरान 12 एसएमई शहरी केंद्र, 5 खुदरा कारोबार केंद्र तथा 15 ग्रामीण ऋण प्रसंस्करण हब खोले। यह समस्त प्रसंस्करण केंद्र हमारे टर्नएराउंड समय को कम करने में सहायता करेंगे तथा हमारे परिचालनों को बढ़ाएंगे। वर्तमान वर्ष के दौरान भी ऐसे विशिष्ट केंद्रों को स्थापित करने की योजना है।
- बैंक ने परियोजना वित्त एवं सिंडिकेशन गतिविधि को पुनः सक्रिय करते हुए वर्ष 2011 में पुनः लागू किया। वित्तीय समापन ₹ 27,000 करोड़ की परियोजना लागत एवं ₹ 9,000 करोड़ की सिंडिकेशन ऋण से किया गया।
- आपके बैंक ने वर्ष 2010-11 के दौरान 283 नई शाखाएं खोलीं जिससे घरेलू शाखा नेटवर्क 3490 हुआ। इसी प्रकार, 2010-11 में 605 नए एटीएम स्थापित किए गए हैं जिससे मार्च, 2010 के 820 से एटीएम की कुल संख्या अब 1425 हो गई है।
- आपका बैंक सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने में अग्रणी रहा है। आपके बैंक ने 18 लाख नो-फ्रिल खाते खोले जिसकी संख्या 50 लाख खातों तक पहुंच गई है। बैंक ने 100% वित्तीय समावेशन पूरा कर लिया है। बैंक ने 41 रूडसेटी स्थापित किए हैं। रूडसेटी ने 14645 लोगों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया है।
- आपके बैंक ने मानव शक्ति आवश्यकता और उभरती कौशल आवश्यकताओं को पहचानते हुए अतिरिक्त 2896 स्टाफ सदस्यों की भर्ती की तथा 22644 वर्तमान स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण दिया।
- कारोबार को बढ़ाने तथा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक ने कई नए उत्पाद और योजनाएँ शुरू की, जैसेः
  - o बीओआई किसान साथी - सांझे बंटाईदार एवं काश्तकार कृषकों के लाभ हेतु लक्षित
  - o "जय जवान" सैलरी प्लस योजना - रक्षा कार्मिकों हेतु वेतन से जुड़ी ऋण योजना
  - o स्टार सुरक्षा एसबी प्लस - दुर्घटना से मृत्यु पर ₹ 50,000/- का निःशुल्क बीमा सहित लाभ।
  - o स्टूडेण्ट्स एटीएम सह-डेबिट कार्ड- "बिंगो" का मुख्य उद्देश्य युवाओं की खरीदारी संबंधी जरूरतों को पूरा करने तथा एटीएम के माध्यम से नकद आहरण की सुविधा उपलब्ध कराना है।

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में अपने विविध कार्यनिष्पादन हेतु कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इनमें से कुछ है :

- इकॉनामिक टाइमस तथा नीलसेन कंपनी के 2010 के सर्वे में सर्वाधिक विश्वसनीय ब्राण्डों की श्रेणी में द्वितीय तथा टॉप सर्विस ब्राण्ड में आठवां स्थान।
- दलाल स्ट्रीट द्वारा एफई-ईवाय मोस्ट एफिसिएन्ट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड 2010 ।
- श्रेष्ठ कारोबार समर्थता पहल श्रेणी में आईबीए से अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रौद्योगिक पुरस्कार 2010 का विजेता पुरस्कार।
- केवीआईसी उधार के अंतर्गत पीएमईजीपी के लिए श्रेष्ठ बैंक, पश्चिम अंचल के लिए अगस्त 2010 में राष्ट्रीय पुरस्कार।

बैंक में नए संगठनात्मक संरचना के कार्यान्वयन से वर्ष 2010-11 सही तौर पर 'टर्नएराउन्ड का वर्ष' रहा। कारोबार समूह तथा वर्टिकल्स की संरचना से विभिन्न कारोबार समूह पर विशेष ध्यान केन्द्रीत किया जा रहा है। सेवा उन्मुख उद्योग में मानव शक्ति के महत्व को पहचानते हुए बैंक ने बड़ी संख्या में स्टाफ की भर्ती की है तथा प्रशिक्षण दिया है।

ग्राहक की प्राप्ति और नये उत्पाद एवं सेवाएं प्रारंभ करने से प्रोत्साहन मिला है। इन्हे आने वाले वर्षों में जारी रखा जाएगा और बैंक को इसका लाभ मिलेगा।

बैंक निरंतर विकास के लिए और अपने बाजार शेयर में सुधार के लिए सुदृढ़ स्थिति में है।

वर्ष 2011-12 के दौरान आगे बढ़ते हुए, नई शाखाएं खोलने और अतिरिक्त एटीएम स्थापित करते हुए बैंक की, ग्राहकों में पहुँच बढ़ेगी। आपका बैंक वर्ष 2011-12 के दौरान कृषि, एसएमई और मध्य कारपोरेट कारोबार बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। समावेशीय प्रगति को महत्व मिलता रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, न्यूज़ीलेंड, युगांडा, कनाडा और बोट्स्वाना के रूप में चार नए केन्द्र जुड़ेंगे।

हमारे बैंक को निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार से अत्युत्तम समर्थन और बहुमूल्य मार्गदर्शन मिलता रहा है। हमारे ग्राहकों, शेयरधारकों ने हम पर पूरी आस्था रखी है। यह परिणाम और विकास हमारे प्रतिबद्ध स्टाफ सदस्यों के अथक मेहनत के बिना संभव नहीं था। मैं, बैंक की ओर से, तथा अपनी ओर से सभी पणधारकों को धन्यवाद देता हूँ और भविष्य में आपसे निरंतर प्रश्रय और समर्थन की आशा रखता हूँ ।

शुभकामनाओं सहित,

ए. के. मिश्रा

(आलोक मिश्रा)

दिनांकः 6 जून, 2011

निदेशक रिपोर्ट

31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक मण्डल, अंकेक्षित लेखा विवरण और नकदी प्रवाह विवरण सहित बैंक की वार्षिक रिपोर्ट, सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

कार्यनिष्पादन की मुख्य बातें

वित्तीय मानदण्ड

- परिचालनगत लाभ ₹ 5,384 करोड़।
- शुद्ध लाभ ₹ 2,489 करोड़। पिछले वर्ष की तुलना में 42.94% की वृद्धि दर्ज हुई।
- पूँजी पर्याप्तता अनुपात पिछले वर्ष (बासल II के अंतर्गत) के 12.94% की तुलना में 12.17% रहा।
- निवल मालियत ₹ 15,500 करोड़। मार्च 2010 की तुलना में 24.43% की वृद्धि हुई।



- प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 283.24 (पिछले वर्ष ₹ 236.84)
- 31.03.2011 को सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 2.23%
- 31.03.2011 निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 0.91%
- बैंक का कुल कारोबार (जमा + अग्रिम) ₹ 5,15,040 करोड़ पर जा पहुंचा, इस प्रकार इसमें ₹ 1,13,961 करोड़ (28.41%) की वृद्धि दर्ज हुई। देशी कारोबार में 26.02% की वृद्धि हुई और यह ₹ 418110 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।
- बैंक की कुल जमा राशियॉ ₹ 69,124 की वृद्धि के साथ ₹ 2,98,886 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई अर्थात् 30.08% की वृद्धि हुई। स्वदेशी जमाराशियों में 28.68% की वृद्धि हुई और ये ₹ 2,52,963 करोड़ तक पहुँच गई। स्वदेशी जमाओं में कम लागत वाली जमाओं का हिस्सा 31.03.2011 को 29.18% है।
- बैंक का कुल सकल ऋण 26.17% वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,16,154 करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें स्वदेशी ऋण में 22.16% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹ 1,65,147 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।
- शुद्ध समायोजित बैंक ऋण का 46.27% भाग प्राथमिकता क्षेत्र उधार का रहा और शुद्ध समायोजित बैंक ऋण में कृषि ऋण का हिस्सा 16.76% रहा।



- एसएमई क्षेत्र का ऋण ₹ 29,568 करोड़ से बढ़कर ₹ 35,586 करोड़ हो गया, जिसमें 20.35% की वृद्धि दर्ज की।
- खुदरा ऋण में 5.70% की वृद्धि हुई, जो ₹ 15,750 करोड़ से बढ़कर ₹ 16,649 करोड़ हो गया।
- पिछले वर्ष की तुलना में निर्यात ऋण में ₹ 898 करोड़ अर्थात 13.53% वृद्धि दर्ज हुई।

नये उत्पाद एवं सेवाएं

- विदेशी केन्द्रों पर एनआरई/एनआरओ खाते खोलने के लिए एनआरई ग्राहकों के लिए वेलकम किट की शुरूआत।
- बचत बैंक खातों में ब्याज का परिकलन 1 अप्रैल, 2010 से मासिक उत्पाद से दैनिक उत्पाद आधार में परिवर्तित किया गया है।
- बैंक ने अपनी वेबसाइट क्षेत्रीय भाषा मराठी में शुरू की है।
- वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देश तथा सिफारिशों के अनुसार बैंक की कार्पोरेट वेबसाइट (अंग्रेजी) विकलांग व्यक्तियों के योग्य बनाई गई है।
- बैंक ने बचत बैंक पास बुक (होरिजेंटल फार्मेट) का नया फार्मेट प्रारंभ किया है, जो वर्तमान फार्मेट (वर्टिकल फार्मेट) जहॉ दो पृष्ठों पर विवरण मुद्रित होते हैं, उसकी तुलना में उसी पृष्ठ पर लेन-देन के विवरण मुद्रित करेगा।
- भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) की आवश्यकतानुसार बैंक पास बुक एवं खातों के विवरण पर हेल्प लाईन नंबर मुद्रित करेगा।
- बैंक ने नामे सह-एटीएम कार्ड के लिए इन्स्टा-पिन जारी करना प्रारंभ किया है। इससे ग्राहक की रि-पिन प्राप्त न होने की शिकायतें दूर होंगी और साथ ही रि-पिन सृजित करने और मेल भेजने के प्रयास और खर्च में बचत होगी।
- डायमंड ग्राहकों को खाते का तिमाही समेकित विवरण पीडीएफ फार्मेट में ई मेल के माध्यम से भेजा जाता है।
- धोखाधड़ी निवारण के उपाय के रूप में एसएमएस अलर्ट - स्टार संदेश सृजित किया जाता है और सभी ग्राहकों को जिन्होंने सभी डिलीवरी

चैनल से (इंटरनेट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) सभी नामे लेन-देन, ₹ 25,000/- और उससे अधिक के सभी नामे समाशोधन लेन-देन, ग्राहक प्रवृत्त सभी नामे अंतरण एवं ₹ 10,000/- और उससे अधिक के नकद भुगतान, ₹ 10,000/- और उससे अधिक के सभी नामे ईसीएस लेन-देन, सभी नामे आरटीजीएस लेन-देन और चेक बुक जारी करने के निवेदन स्वीकार करने पर पावती के लिए बैंक के पास मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कराये हैं।

- इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को ऑन लाईन मीयादी जमा करने की सुविधा।
- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का उपयोग करने वालों के लिए हॉट लिस्टिंग/ रिसेट/अनलॉक/नामे सह एटीएम कार्ड पिन बदलने की सुविधा।
- वार्षिक कर विवरण देखना (फार्म 26 ए एस)
- स्टार ई ट्रेड - ऑन लाईन शेयर ट्रेडिंग - गुप्ता इक्विटी के साथ एकीकरण।
- बैंक का नामे सह-एटीएम कार्ड रखने वाले ग्राहकों के लिए ऑन लाईन ई-भुगतान की सुविधा का विस्तार किया गया है। इससे ग्राहक क्रेडिट कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग खातों के अलावा अपने डेबिट कम एटीएम कार्ड का ई भुगतान के लिए उपयोग कर सकेंगे।
- डिलीवरी चैनल के नवीनतम विकल्प के रूप में मोबाइल बैंकिंग सुविधा आरंभ की गई है जो वस्तुतः ग्राहकों को किसी भी समय कहीं से भी मोबाइल फोन की सुविधा से बैंकिंग गतिविधियों को स्वीकार करती है। यह सुविधा सभी खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को दी गई है और इसमें जमा शेष पूछताछ, अंतिम पॉच लेन-देन, चेक की स्थिति, निधि अंतरण एवं मोबाइल भुगतान जैसी विशेषताएं शामिल हैं।
- बैंकों के बीच स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आरटीजीएस/एनईएफटी के उपयोग से ऑन-लाईन निधि अंतरण।
- आटो पे के लिए बीओआई स्टार ई भुगतान या विभिन्न उपयोगी सेवाओं/ बिलों का ऑन-लाइन भुगतान।
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष, केन्द्रीय उत्पाद एवं सेवा कर के लिए ई भुगतान।
- शेयरों में व्यापार के लिए स्टार ई-शेयर व्यापार।
- ई-भाड़ा भुगतान।
- विदेशी व्यापार लाइसेंस फीस महानिदेशक (डीजीएफटी) का ऑन लाइन भुगतान।
- रेल्वे एवं हवाई जहाज की टिकटों की ऑन लाईन बुकिंग।
- शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन।
- किसी भी डीपीओ में खाता रखने वाले खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहक द्वारा आईपीओ निर्गमों के लिए अवरूद्ध आवेदन की बोली सह आवेदन पत्र (आसबा) ऑन लाइन करने की सुविधा।

कारोबार पहल

- विकास की महत्वाकांक्षा को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एक नया महत्वाकांक्षी लक्ष्य संकल्प 10,000 आरंभ किया है। इसके तीन आधार स्तम्भ है ग्राहक प्रथम, विजेता टीम का निर्माण एवं श्रेष्ठ कार्य निष्पादन प्रेरणा संस्कृति।
- संकल्प परियोजना के अंतर्गत सितंबर 2010 में बैंक के संगठनात्मक संरचना की पुनः रूपरेखा तैयार की गई है। प्रत्येक कारोबार खण्ड पर और ध्यान केन्द्रित करने के लिए स्पष्ट रूप से कारोबार का दो अलग समूहों में विभाजन किया गया है, जैसे कि (क) नेशनल बैंकिंग समूह और (ख) थोक और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह। बैंक के दो कार्यपालक निदेशक इन दो समूहों के प्रमुख हैं।
- नेशनल बैंकिंग समूह (प्रधान कार्यालय) - नेशनल बैंकिंग समूह (प्रधान कार्यालय) में ग्रामीण बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, खुदरा बैंकिंग और एसएमई बैंकिंग कारोबार इकाई का समावेश है।
- थोक एवं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह (प्रधान कार्यालय) थोक एवं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह में बृहत कार्पोरेट बैंकिंग, मध्य कार्पोरेट बैंकिंग, परियोजना वित्त, लेन-देन बैंकिंग, अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग और कोषागार सम्मिलित हैं।
- मध्य कार्पोरेट और बृहत कार्पोरेट शाखाओं के सभी खातों की संबंधित शाखा आरएसएम के साथ व्यवस्था की गई है।
- सोलह ग्रामीण ऋण प्रसंस्करण केन्द्र (सीपीसी) बेलगॉव, उज्जैन बाराबंकी, मेहसाना, लुधियाना, कराड, अमलापुरम, तंजावुर, बारासत, हरदोई, सातारा, नादियाद, रत्नागिरी, नासिक, सोलापुर में आरंभ किए गए हैं।
- बृहत और मध्यम किसानों तथा उच्च ऋण गुणवत्ता वाली बड़ी संस्थाओं को लक्ष्य बनाकर 19 अंचलों में कुल मिलाकर 40 केन्द्रीभूत जिलों को अभिनिर्धारित किया गया है।
- 5 अभिनिर्धारित अंचलों अर्थात बेंगलोर, चण्डीगढ़, मुंबई दक्षिण, नई दिल्ली और पुणे में 14.01.2011 को पायलट आधार पर पॉच नये खुदरा कारोबार केन्द्र खोले गए हैं।
- 14 दिसंबर, 2010 को अहमदाबाद, कोयम्बत्तूर, कोलकाता, लुधियाना और पुणे में पॉच एसएमई सिटी सेन्टर खोले गए थे, उसके बाद से बेंगलोर, चण्डीगढ़, हैदराबाद, नई दिल्ली और वड़ोदरा में पॉच और एसएमई सिटी सेन्टरों ने कार्य करना प्रारंभ किया है।
- एर्नाकुलम, अंधेरी और सीप्झ में मध्य कार्पोरेट शाखाएं खोली गई हैं।
- 10 मध्य कार्पोरेट सीपीसी ने कार्य करना आरंभ किया है।
- मुंबई (नरीमन प्वाइंट) और हैदराबाद में बृहद कार्पोरेट शाखाएं खोली गई हैं।
- सर्जन ट्रैक और अग्रता की निगरानी के लिए अग्रणी प्रबंधन प्रणाली (बिक्री दल स्वचलन) को पुनः परिवर्तित किया गया है।
- वित्तीय समावेशन को बैंक सामाजिक उद्देश्य के रूप में मानता है और इसे कार्यान्वित करने के अभियान के रूप में सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को उन तक ले जा रहा है, जो इन सेवाओं से वंचित हैं। वित्तीय समावेशन की प्राप्ति के प्रथम प्रयासों में अब तक नो-फ्रिल खाते खोलना था और तदनुसार बैंक ने 50.07 लाख नो-फ्रिल खाते खोले हैं।
- बैंक, हैंड हेल्ड डिवाइस का उपयोग करते हुए शुरू से लेकर अंतिम आधार तक सूचना प्रौद्योगिकी समाधान भी कार्यान्वित कर रहा है। बैंक ने 6.01 लाख स्मार्ट कार्ड जारी किए/खोले हैं।
- परियोजना वित्त और समूहन समूह : यह तकनीकी मूल्यांकन के सौंपे गए कार्य, हामीदारी और ऋण के समूहन की जिम्मेदारी लेता है। वित्तीय वर्ष के दौरान ₹ 26,901 करोड की परियोजना लागत और ₹ 9,008 करोड़ के सामुहिक ऋण के साथ 11 वित्तीय समापन किए गए। कैलेंडर वर्ष 2010 के

लिए ब्लूमबर्ग लीड टेबल के अनुसार बैंक ऑफ़ इंडिया ने समूहन के बीच छठवाँ स्थान प्राप्त किया।

- बैंक ने खण्ड की विशिष्ट कारोबार आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिए नये एसएमई वर्टिकल निर्मित किए हैं, जिसके महाप्रबंधक प्रमुख हैं। ₹ 100 करोड़ तक के टर्नओवर के साथ सभी कारोबार गतिविधियों को शामिल करने के लिए एसएमई कारोबार के लिए और अधिक समावेशी परिभाषा दी गई है। यह वर्टिकल न केवल ऋण, बल्कि कासा, खुदरा कारोबार, शुल्क आधारित आय और एसएमई खण्ड में तीसरे पक्ष के उत्पादों की वृद्धि को भी देखेंगे।
- डिलीवरी चैनल के नवीनतम विकल्प के रूप में मोबाइल बैंकिंग सुविधा आरंभ की गई है जो वस्तुतः ग्राहकों के किसी भी समय कहीं से भी मोबाइल फोन की सुविधा से बैंकिंग गतिविधियों को स्वीकार करती है। यह सुविधा सभी खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को दी गई है और इसमें जमा शेष पूछताछ अंतिम पाँच लेन-देन, चेक की स्थिति, निधि अंतरण एवं मोबाइल भुगतान जैसी विशेषताएं शामिल हैं।
- एनआरआई ग्राहकों से संबंधित कुछ गतिविधियों को केन्द्रीकृत करने के लिए वैश्विक धन-प्रेषण केन्द्रों की स्थापना की गई है जो यथाशीघ्र उत्पादों की सुपुर्दगी करेंगे और सक्रिय विपणन योजना एवं शिकायत निवारण तंत्र का कार्य भी शीघ्र कर सकेंगे।

पुरस्कार एवं प्रशंसाएं :

- बैंक ऑफ़ इंडिया को वर्ष 2009 के लिए बैंकिंग प्रौद्योगिकी में अपने कार्य-निष्पादन की पहचान को श्रेष्ठ कारोबार योग्य बनाने की पहल के वर्ग में आईबीए से अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग टेक्नालॉजी अवार्ड 2010 के लिए विजेता पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- दलाल स्ट्रीट द्वारा एफई-ईवाय मोस्ट एफिसिएन्ट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड 2010
- बैंक ऑफ़ इंडिया, मुंबई उत्तर अंचल को राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से तृतीय पुरस्कार।
- बैंक ऑफ़ इंडिया को राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए महाराष्ट्र राज्य स्तर बैंकर्स समिति से प्रोत्साहन पुरस्कार।
- केवीआईसी उधार के अंतर्गत पीएमईजीपी के लिए श्रेष्ठ बैंक, पश्चिम अंचल के लिए अगस्त 2010 में बैंक को राष्ट्रीय पुरस्कार।
- बैंक को इकॉनॉमिक टाइम्स/नीलसेन कंपनी के सर्वे में निम्नानुसार "सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रॉंड" (एमटीबी) 2010 के रूप में श्रेणीकृत किया गया।
  - पीएसयू बैंकिंग वर्ग के अंतर्गत - एसबीआई के बाद 2 रा
  - शीर्ष सेवा ब्रॉंड के अंतर्गत - 8 वां

वित्तीय समीक्षा

वित्तीय कार्य-निष्पादन

बैंक ने ₹ 5384.23 करोड़ का परिचालन लाभ दर्ज किया (पिछले वर्ष ₹ 14.44%) की वृद्धि निवल लाभ ₹ 2488.71 करोड़ रहा। (पिछले वर्ष ₹ 42.94% करोड़)।

मिश्र कारोबार में 28.41% (₹ 401078.83 करोड़ से ₹ 515040.06 करोड़) के सुदृढ़ कारोबार वृद्धि के कारण निवल ब्याज आय में 35.70% की वृद्धि हुई। गैर-ब्याज आय में 0.96% की वृद्धि हुई और पिछले वर्ष के 71.34% की तुलना में परिचालनगत 52.12% व्यय कवर हुआ।

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक के वित्तीय कार्य-निष्पादन का सारांश निम्नलिखित है :

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2009-10	2010-11	वृद्धि (%)
निवल ब्याज आय	5,755.94	7,810.69	35.70
गैर ब्याज आय	2,616.64	2,641.77	0.96
परिचालन व्यय	3,667.81	5,068.24	38.18
परिचालन लाभ	4,704.77	5,384.23	14.44
प्रावधान/आकस्मिकताएं	2,963.70	2,895.52	-2.30
निवल लाभ	1,741.07	2,488.71	42.94
प्रति शेयर अर्जन (₹)	33.15	47.35	42.84
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	236.84	283.24	19.59
औसत निवल मालियत पर प्रतिलाभ (%)	14.76	8.90	–
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (%)	0.70	0.82	–

कुछ वित्तीय अनुपात नीचे प्रस्तुत किए गए है :

(प्रतिशत) (%)

मानदण्ड	2009-10	2010-11
अग्रिम पर आय	8.42	8.62
निवेश पर आय	7.46	7.59
निधियों पर आय	7.14	7.14
जमा राशियों की लागत	5.16	5.03
निधियों की लागत	4.84	4.57
निवल ब्याज मार्जिन	2.51	2.92
परिचालन व्ययों के प्रति गैर ब्याज आय	71.34	52.12
औसत कार्यशील निधि के प्रति अन्य आय	1.05	0.87
औसत कार्यशील निधि के प्रति परिचालन व्यय	1.47	1.66
औसत कार्यशील निधि के प्रति स्टाफ व्यय	0.92	1.14
औसत कार्यशील निधि के प्रति अन्य परिचालन व्यय	0.55	0.52
आस्ति उपयोग अनुपात	1.88	1.77
कुल आय के प्रति गैर ब्याज आय	12.77	10.83
निवल आय के प्रति गैर ब्याज आय	31.25	25.27
कुल आय के प्रति लागत	43.81	48.49

खण्डवार कार्य-निष्पादन

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने ₹ 5384.23 करोड़ का परिचालन लाभ अर्जित किया है। इसमें कोषागार का योगदान ₹ 371.38 करोड़ का रहा और अन्य बैंकिंग परिचालन से ₹ 5161.12 करोड़ का लाभ अर्जित किया। वर्ष 2010-11 में अविनोज्य व्यय, अविनोज्य आय को कम कर ₹ 148.27 करोड़ रहा।

लाभांश

वर्ष के लिए ₹ 7 प्रति शेयर (70%) की दर से लाभांश घोषित किया गया। कुल लाभांश भुगतान की राशि ₹ 444.29 करोड़ है। (लाभांश वितरण कर सहित)

पूँजी

वित्तीय वर्ष 2010-11 में बैंक की मालियत ₹ 12456 करोड़ से बढ़कर ₹ 15499.5 करोड़ हुई। वर्ष के दौरान बैंक ने भारत सरकार को प्रति ₹ 10 के, ₹ 474.07 प्रति शेयर के मूल्य पर 2,13,04,870 के इक्विटी शेयर अधिमानी आधार पर जारी किए गए, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड अधिनियम, 2009 के विनियम 76(1) (पूंजी निर्गम और आवश्यकता प्रकटीकरण) के अनुसार हुई असाधारण आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया। इस खाते में बैंक को प्राप्त हुई राशि ₹ 1010 करोड़ है। परिणामस्वरूप भारत सरकार की शेयरधारिता 64.67% से 65.86% तक बढ़ गई है।

पूँजी पर्याप्तता

बासेल II फ्रेमवर्क के अनुसार वर्ष के दौरान पूँजी पर्याप्तता अनुपात 12.17% रहा जो कि नियामक आवश्यकता से 10% उच्चतर था।

पूँजी पर्याप्तता के विवरण निम्नानुसार दर्शाए गए हैं :

(₹ करोड़ में)

विवरण (बासल II के अंतर्गत)	31.03.2010		31.03.2011	
	राशि	सीआरएआर (%)	राशि	सीआरएआर (%)
टियर I पूँजी	13,725	8.48	17,047	8.33
टियर II पूँजी	7,218	4.46	7,867	3.84
कुल पूँजी	20,943	12.94	24,914	12.17
जोखिम भारित आस्तियॉ	1,61,857	–	2,04,762	–

उधार

बैंक ने प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए परपेचुअल एवं मिडियम टर्म नोट (एमटीएन) और ओवरसीज उधार के जरिये गौण ऋण सृजित किया है। वर्ष 2010-11के दौरान बैंक ने आईपीडीआई के इश्यू द्वारा ₹ 300 करोड़ एवं अपर टियर-II लिखत द्वारा ₹ 1000 करोड़ जुटाए हैं। बैंक ने ₹ 450 करोड़ के गौण टियर-II बॉन्ड का मोचन किया हैं।

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

समग्र परिवेश

वैश्विक अर्थव्यवस्था परिदृश्य

वर्ष 2010, विश्व अर्थ व्यवस्था के लिए वर्ष 2009 के नकारात्मक 0.8% से 5% की वृद्धि के उछाल का साक्षी रहा है। 2010 में उन्नत और उभरते दोनों देशों में संवृद्धि संकट-पूर्व स्तर पर लौट आई। वर्ष 2010 में अभूतपूर्व मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन ने यूएस में संवृद्धि को संकट पूर्व स्तर तक आगे बढ़ाने में सहायता की। 2010 में जर्मनी और फ्रांस को छोड़कर यूरो क्षेत्र में संवृद्धि धीमी रही। उभरती हुई और उन्नतिशील अर्थ व्यवस्थाओं में वर्ष 2009 में जो संवृद्धि 2008 के 6.1% से घटकर 2.6% हो गई थी। 2010 में फिर से 7.1% की गति प्राप्त कर ली। 2010 के मध्य के दौरान वौश्विक वित्तीय बाजार की स्थितियों में सुधार होना प्रारंभ हो गया है। परंतु क्षेत्रीय तथा आंचलिक संवेदनशीलता अभी भी व्याप्त है। इक्विटी बाजार मजबूत हुआ है, अस्थिरता घटी है। यद्यपि, छोटे तथा मझोले आकार की कार्पोरेट फर्मों के लिए संस्थागत उधार में सुधार हुआ है और जोखिम मार्जिन मजबूत होना शुरू हो गई है। किंतु 2010 के बाद के हिस्से में यूरो क्षेत्र में फिर से सरकार द्वारा गारंटीकृत ऋण संबंधी जोखिम ऊपर आए हैं और परिणामस्वरूप सरकारी प्रतिभूतियों में उच्चतर लाभ मिला है।

2011-12 में वैश्विक अर्थ व्यवस्था की संभावना

खाद्य, तेल और वस्तुओं के उच्च मूल्य जो उभरते देशों के लिए चिंता का विषय रहा है, उसमें और विस्तार हुआ है और जिसके कारण सस्ती मुद्रा नीति पर पुनर्विचार करना पड़ रहा है, जो विकसित देशों में भी जारी है। विकासशील और विकसित देशों द्वारा की गई मौद्रिक कार्यवाही के बावजूद 2011 में संवृद्धि की गति अन्य प्रतिवात पर भी निर्भर होगी। संक्षेप में जापान के कहर का विकास संभावना पर न केवल घातक प्रभाव पडेगा, बल्कि 2011 में वैश्विक आपूर्ति कड़ी में आगामी विघटन से कुछ मूलाधार प्रसंग दस्तक देंगे। मध्य पूर्व में राजनीतिक स्थिति परिवर्तनीय बनी रहेगी और सामाजिक अशान्ति के कारण महत्वपूर्ण उत्पादक ऑफ लाईन हो जाते हैं तो तेल की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं। इसके अलावा यूरोप में सरकारी ऋण संकट बना रह सकता है। यह उम्मीद की जाती है कि वैश्विक आर्थिक संभावना सकारात्मक बनी रहेगी और संवृद्धि 2011 में धीमी रहेगी किंतु उन्नत और उभरती अर्थ व्यवस्था दोनों में स्थिर और संभाव्य वृद्धि दर के निकट होगी। 2011 में उन्नत और राष्ट्रों के उभरते समूह दोनों में वृद्धि की धीमी गति के साथ अनुमानित वैश्विक संवृद्धि 2010 के 4.4% की तुलना में धीमी रहेगी।

घरेलू अर्थ व्यवस्था परिदृश्य

भारतीय अर्थ व्यवस्था की संवृद्धि 2008-09 में 6.8% और 2009-10 में 8% से 2009-10 के अपने संकट पूर्व वृद्धि स्तर से बढ़कर 2010-11 में 8.6% हो गई। उस समय संवृद्धि का स्पष्ट आधार भी था। वर्ष 2010-11 में कृषि जिसने 0.4% की बहुत ही कम वृद्धि दर्शाई थी 2010-11 में सामान्य मानसून के कारण 5.4% के स्तर को पुनः प्राप्त कर लिया। उद्योग ने 2009-10 के 8% की तुलना में 2010-11 में 8.1% की अपनी गति को जारी रखा। सेवा क्षेत्र की संवृद्धि 2009-10 में देखे गए 10.1% से 2011 में सीमांत रूप से 9.6% तक घटी है। इसके अलावा 2010-11 में इस उच्च वृद्धि को न केवल घरेलू मांग से बल्कि समान रूप से मजबूत बाहरी मांग से भी समर्थन मिला। वर्ष 2010-11 के दौरान भारतीय निर्यात में 37.5% की वृद्धि हुई। वर्ष 2010-11 महत्वपूर्ण राजकोषीय समेकन के लिए उल्लेखनीय रहा। 2010-11 में कर और गैर कर राजस्व दोनों में प्रभावशाली वृद्धि ने बजट में दिए गए 5.5% राजकोषीय घाटे को 5.1% तक नियंत्रित रखने में सरकार की सहायता की। यह वर्ष महत्वपूर्ण विदेशी संस्थागत निवेशक प्रवाह का साक्षी रहा और अर्थ व्यवस्था में विदेशी संस्थागत निवेशकों की यूएस $ 23 बिलियन मालियत जुड़ी विदेशी संस्थागत निवेशकों के आगमन से अप्रैल 2010 और मार्च 2011 के दौरान सेंसेक्स 11% बढ़ा। निवेशकों के बीच भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के प्रति सकारात्मक विचार के कारण बैंकेक्स ने 24% की और भी ऊँचाई को छूआ।

उच्चतर संवृद्धि के साथ अर्थ व्यवस्था संपूर्ण वर्ष उच्च स्तर की मुद्रास्फीति की साक्षी रही। वर्ष 2010-11 के अधिकांश भाग में खाद्य मदों जैसे कि फल एवं सब्जियॉं और प्रोटीन प्रचुर खाद्य उत्पादों में कमजोर आपूर्ति समर्थन से मुद्रा स्फीति बनी रही और मौसम के उतार-चढ़ाव ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया। मुद्रास्फीति लगातार उच्च स्तर पर होने के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक को तत्काल मुद्रास्फीति रोकने और मुद्रास्फीति को निरूत्साहित करने के लिए अप्रैल 2010 के प्रारंभ से 8 बार नीति दर में वृद्धि करनी पड़ी। तथापि, मार्च 2011 के वास्तविक मुद्रास्फीति अंक भारतीय रिज़र्व बैंक के मुद्रास्फीति लक्ष्य 8% की तुलना में और भी उच्चतर 8.98% हो गया।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने विदेशी मुद्रा बाजार में तटस्थता का रूख अपनाया और वर्ष के दौरान डालर की तुलना में रुपये में 1.1% की मूल्य वृद्धि हुई। देश की आरक्षित विदेशी मुद्रा में यूएस$ 28 बिलियन की वृद्धि हुई और यह यूएस $ 305 बिलियन पहुंच गई। 2010-11 का चालू खाता घाटा, जिसका प्रारंभ में सकल घरेलू उत्पाद के 3% से अधिक का अनुमान था, अंतिम राजकोषीय तिमाही में दर्ज की गई अधिकतम निर्यात वृद्धि से सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 2.5% तक रुकने की उम्मीद है।

भारत की अर्थ-व्यवस्था संभावना

प्रगति की ओर अग्रसर, सरकार के पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2011-12 के दौरान अर्थ-व्यवस्था ने 8.75% से 9.25% की श्रेणी के भीतर वृद्धि की संभावना है। मुद्रास्फीति में सहायक आपूर्ति समर्थन के अंतर्राष्ट्रीय दबाव जनवरी 2011 से घटने प्रारंभ हो गए हैं। तथापि, पिछले दो महीनों में मुद्रास्फीति पर देखे गए मांग समर्थन दबाव के चलते कच्चे तेल और वस्तुओं की बढ़ती दुगनी कीमत ने वर्ष 2011-12 में बनाए रखने लायक वृद्धि के लिए मुद्रास्फीति प्रबंधन को प्रमुख बना दिया है। मूल मुद्रास्फीति, जो मांग समर्थन दबाव और मौद्रिक नीति निरूपण का मार्गदर्शन करती है, मार्च 2011 में 7.1% की वृद्धि हुई। हितकर आधारभूत प्रभाव के बावजूद मूल मुद्रास्फीति के उच्च स्तर पर बने रहने के

मुख्य समाचार से तत्काल हॉकिश मौद्रिक नीति अवस्थिति तथा 2011-12 की अवधि के दौरान मूल नीति दर कम से कम 75 आधार अंक होने की संभावना है। मुद्रास्फीति को लगभग 6% के और अधिक संतुलित स्तर पर लाने तक उच्च ब्याज दर का सामना करना होगा। इस प्रक्रिया में कुछ आधार अंक 2011-12 में सिमट सकते हैं फिर भी 2011-12 के लिए दस्तक देने वाले संवृद्धि अंक 8% से अधिक होंगे जो व्यवसाय वृद्धि के लिए असीम संभावना उपलब्ध करायेंगे।

बैंकिंग क्षेत्र विकास और संभावना

उन्नत ब्याज दर परिदृश्य के बावजूद विशेष रूप से 2010-11 के बाद के हिस्से के दौरान संपूर्ण वर्ष के लिए 21.4% की ऋण वृद्धि पिछले वर्ष दर्ज की गई। वृद्धि और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अर्थ व्यवस्था की मजबूत वृद्धि के लिए निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक होगी। तथापि, जमाराशि में वृद्धि ऋण की गति से मेल नहीं खा सकती, जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 18% के लक्ष्य के विरूद्ध पिछले वर्ष के 17.2% की तुलना में संपूर्ण वर्ष के लिए 15.8% तक की वृद्धि हुई। अपेक्षाकृत उच्च ऋण वृद्धि प्रदर्शित करते हुए 2010-11 में जमा-ऋण अनुपात 75.68% देखा गया, जो कि 2009-10 में दर्ज किए गए 72% की तुलना में अधिक है। वर्ष के अधिकांश हिस्से में प्रणाली, एनडीटीएल के 1% के भारतीय रिज़र्व बैंक के सहज स्तर से कही अधिक चलनिधि की कमी की साक्षी रही। संरचनात्मक और फ्रिक्सनल घटकों ने चलनिधि की कमी में सहयोग दिया। वर्ष 2010-11 के दौरान चलनिधि की कमी को हलका करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने मई 2010 में एलएएफ की दूसरी खिड़की को खोला, जो 2010-11 के अंत तक परिचालन में थी और दिसंबर 2010 तक एसएलआर को 24% तक कम भी किया। मजबूत चलनिधि स्थिति के साथ नीति दर में दोहरी वृद्धि हुई, जिसके चलते वर्तमान वित्तीय वर्ष के बाद के हिस्से के आस-पास उधार साथ ही साथ जमा दर दोनों में वृद्धि की प्रवृत्ति रही। तथापि, बैंक, 2010-11 की तीसरी तिमाही के लिए रिपोर्ट किए गए परिणामों में अपने एनआईएम संरक्षित कर सके।

बैंकिंग सेक्टर संभावना

फिच और मूडीज रेटिंग एजेंसियों के अनुसार 2011 में भारतीय बैंकों के लिए संभावना स्थिर बनी रहेंगी। स्थिर संभावना बैंकों के लिए सुलभ आस्ति गुणवत्ता संस्था, ऋण हानि आरक्षित स्थिति में सुधार, मजबूत पूँजी स्तर, मजबूत खुदरा जमाराशि आधार, सुदृढ़ चलनिधि और सरकार द्वारा सामान्य इक्विटी पूंजी में वृद्धि करने जैसी अनुकूल परिचालन स्थितियों दिखाई दे रही हैं। यद्यपि उधार दरों में वृद्धि हुई है, किन्तु निश्चित मजबूत मांग से बैंक 2010-11 में अपने ऋण पोर्टफोलियों में पर्याप्त रूप से उच्च वृद्धि दर्ज करेंगे। बैंकों की उधार गतिविधियाँ 2011-12 में दोहरे कारणों से तरणशील बनी रहेंगी।

पहला, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग 2011-12 के लिए सामान्य मानसून की अपेक्षा कर रहा है। वर्ष 2011-12 में 20% तक कृषि के बढ़े हुए योजना आंबटन से ग्रामीण बुनियादी ढांचा तथा अन्य कल्याण संबंधी कार्य में सरकार के व्ययों में वृद्धि होगी परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र में खुदरा ऋण की मांग बढ़ेगी तथा ग्रामीण आय में भी वृद्धि होगी। दूसरा, अतिरिक्त 2011-12 के केन्द्रीय बजट में यह घोषणा की गई है कि कृषि उत्पादन तथा कृषि आपूर्ति प्रणाली में वृद्धि हेतु अनेकों कदम उठाए जाएंगें। कृषि उत्पादन संबंधित गतिविधियों में वृद्धि हेतु 2011-12 में आधार भूत क्षेत्र हेतु ₹ 2,14,000 करोड़ का आबंटन है तथा उच्च स्तर पर बैंक वित्तपोषण की आवश्यकता होगी। तीसरा, सरकारी उधार 2011 में कम करने के लिए केन्द्रीय बजट की छलवाँ किया गया है। बजट में उल्लिखित राजकोषीय समेकन से निजी उद्यम के लिए निधि की उपलब्धता में वृद्धि होगी। चतुर्थ, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा उल्लिखित निर्यात में द्रुत वृद्धि से इस क्षेत्र में अतिरिक्त बैंक वित्त की संभावना निर्मित होगी। इसके अतिरिक्त विनिर्माण तथा सेवाएं दोनों में प्रधान संकेतक तथा कारोबार आत्मविश्वास सूचियां भी सशक्त घरेलू मांग की निरंतरता की ओर संकेतक है। इस प्रकार, वृद्धि, विनिर्माण, आधारभूत सुविधाएं, खुदरा तथा निर्यात क्षेत्र 2011-12 में ऋण के प्रमुख केन्द्र होंगे।

जमाराशि में 2010-11 में प्रतिरोधात्मक तरलता कम पायी गई जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ अपने शेष नकदी में कमी कर सरकार ने इसे सुगम करना आरभ्म कर दिया है। बैंकों ने जमाराशि दरों में वृद्धि कर दिया है जिससे संरचनात्मक तरलता समस्या भी समाप्त हो रही है। इस प्रकार भारतीय बैंकिंग प्रणाली में जमाराशि वृद्धि अच्छी होगी।

कारोबार समीक्षा

जमाराशियां

वर्ष के दौरान 30.08% वृद्धि दर्ज करते हुए बैंक की जमाराशि में ₹ 69,123.87 करोड़ से ₹ 2,98,885.81 करोड़ वृद्धि होगी। पिछले वर्ष के ₹ 28.68% वृद्धि की तुलना में घरेलू जमाराशियों में वृद्धि ₹ 56,378.47 करोड़ अथवा 28.68% थी।

बैंक की अनिवासी जमाराशियां ₹ 12,250 करोड़ रही जो सकल घरेलू जमाराशियों का 4.96% गठित करती हैं।



बचत बैंक जमाराशि में 22.93% वृद्धि हुई तथा चालू जमाराशि में प्रगति 2.43% रही। कुल देशी जमाराशियों के बचत तथा चालू जमाराशियों का कम लागत जमाराशियां 29.18% है।

बैंक के पास मार्च, 2011 के अंत तक विविध जमाराशियों का अच्छा आधार है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से देशी जमाराशियाँ 10% है, अर्धशहरी से 11%, शहरी से 17% तथा महानगरी क्षेत्रों से 62% है। बैंक का कुल ग्राहक आधार 45.05 मिलियन है जिसमें 42 मिलियन जमाकर्ता तथा 3.05 मिलियन उधारकर्ता है।

अग्रिम

बैंक के सकल देशी ऋण ने 31.03.2010 के ₹ 1,35,193.96 करोड़ से ₹ 1,65,147.16 करोड़ तक 22.16% की वृद्धि दर्शायी है। पिछले वर्ष वृद्धि दर 17.20% था। सुदृढ़ स्वीकृति/बृहद कार्पोरेट, मिड कार्पोरेट, एसएमई तथा कृषि क्षेत्र आधारित वृद्धि ने यह प्रगति दर्शायी।



बृहद कार्पोरेट के अंतर्गत बैंक ने 187 खाते, 8 बृहद कार्पोरेट शाखाएं, 40 मिड कार्पोरेट शाखाएं तथा 4 देशी समुद्रपारीय शाखाएं कार्पोरेट उधारकर्ता/ निर्यातकों की विशेष ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति करती रहीं।

आधारभूत वित्त

वर्ष के दौरान आधारभूत कवरिंग ऊर्जा निर्माण, टेलेकम्यूनिकेशन, बंदरगाह, सड़कें, निर्माण ठेकेदार आदि के अंतर्गत बैंक ने निधि आधारित ₹ 12074 करोड़ तथा गैर-निधि आधारित ₹ 2093 करोड़ स्वीकृत किया है।

निर्यात ऋण

देशी मुद्रा तथा साथ ही साथ विदेशी मुद्रा में निर्यातक तथा आयातक ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति में बैंक अत्यधिक सक्रिय रहा। देश में बैंक की 207 शाखाएं विदेशी विनिमय कारोबार तथा आयातकों एवं निर्यातकों की ऋण/विदेशी विनिमय आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए अधिकृत हैं। बैंक के निर्यात ऋण ने ₹ 898 करोड़ का निर्यात ऋण दर्ज किया है यथा मार्च, 2010 को 13.53% वृद्धि तथा 31 मार्च, 2011 तक ₹ 7533 करोड़ के स्तर तक पहुंच गई। निवल समायोजित बैंक ऋण से निर्यात ऋण का हिस्सा मार्च 2011 तक 4.55% था।

निर्यातकों तथा गैर-निर्यातकों की वित्तीय आवश्यकताएं बैंक के समुद्रपारीय शाखाओं तथा देशी शाखाओं के विदेशी मुद्रा ऋण से ईसीबी के द्वारा पूर्ण की गई। 31.02.2011 तक इस अग्रिम की कुल राशि यूएसडी 1116.25 मिलियन (सीबी यूएसडी 130 मिलियन तथा विदेशी मुद्रा ऋण यूएसडी 986.25 मिलियन को मिलाकर) जो ₹ 4984.06 करोड़ के समकक्ष है। बैंक ने पोतलदान पूर्व तथा पोतलदान पश्चात ऋण को विदेशी मुद्रा में प्रदान किया तथा 31.03.2011 तक बकाया राशि यूएसडी 345.34 मिलियन है (₹ 1541.94 करोड़ के समकक्ष)।

परियोजना वित्त तथा समूहन समूह

बैंक के परियोजना वित्त तथा समूहन समूह में बैंक के अत्यधिक अनुभवी तथा निपुण कर्मचारी है। यह आधारभूत तथा औद्योगिक परियोजनाओं पर कार्य करता है।

यह तकनीकी मूल्यांकन, जोखिम अंकन तथा कर्ज के समूहन पर कार्य करता है। वित्तीय वर्ष 11 के दौरान परियोजना लागत ₹ 27,331 करोड़ सहित समापन किया गया तथा समूहन ऋण ₹ 9,353 करोड़ रहा। कलेंडर वर्ष 2010 के ले ब्लूमबर्ग लीड टेबल्स के अनुसार समूहन प्रसार में बैंक ऑफ इंडिया छठवें स्थान पर रहा।

वर्टिकल को मजबूत करने के लिए बैंक ने इंडस्ट्री से बहुअनुभवी इंजीनियरों तथा एमबीए योग्यता प्राप्त धारकों को नियुक्त किया जिससे बैंक के तकनीकी मूल्यांकन तथा समूहन टीम को सशक्त किया गया।

बहुमुद्रा अंतर्राष्ट्रीय समूहन ऋण हेतु मैनडेट लीड अरेन्जर (एमएलए) तथा ज्वाइंट बुक रनर (जीबीआर) के रुप में बैंक कार्य कर रहा है तथा यूएसडी, जेपीवाई, यूरो तथा जीबीपी मुद्रा में भारतीय कारपोरेटरों के लिए उनके विस्तार/अभिग्रहण तथा संयुक्त उद्यमों, व्यापक रेन्ज के उद्योगों को कवर करने के लिए ऋण की व्यवस्था की।

तकनीकी मूल्यांकन विभाग जो समूहन टीम की सहायता करती है वर्ष के दौरान समूहन ऋण के अतिरिक्त उद्योग ऋण का मूल्यांकन करता रहा। इस टीम में व्यावसायिक इंजीनियर वर्ष के लिए तकनीकी संबंधी जोखिम का मूल्यांकन किया जिससे बैंक औद्योगिक आस्तियों की गुणवत्ता को विकसित कर सका। इस विभाग के परिचालन से वर्ष के दौरान ₹ 19.34 करोड़ की फीस आधारित आय हुई।

खुदरा ऋण

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने स्वस्थ खुदरा तथा ऋण पोर्टफोलियों निर्माण की नीति का अनुशीलन किया। 2010-11 में मंदी से पहले अर्थव्यवस्था ने खुदरा ऋण के लिए प्रचुर अवसर प्रदान किया तथा बैंक का खुदरा ऋण पोर्टफोलियों ₹ 15,536 करोड़ से बढ़कर ₹ 16,649 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान खुदरा ऋण के ढांचे को पुनः परिभाषित किया गया।

बैंक लगातार रिटेल हब परिकल्पना पर कार्य करता रहा तथा गृह ऋण, ऑटोफिन ऋण प्रस्तावों के प्रसंस्करण को तेज करने के लिए खुदरा कारोबार केन्द्रीय मॉडल में परिवर्तन किया। वर्ष के दौरान स्टार आवास ऋण, स्टार ऑटोफिन ऋण तथा स्टार व्यक्तिगत ऋण योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार/पीएसयू/पीएसई के कर्मचारियों के लिए एक विशेष योजना आरभ्म की जिसमें ब्याज दर तथा प्रसंस्करण प्रभार में छूट दी गई। आवास ऋण क्षेत्र में ₹ 537 करोड़ बढ़कर ₹ 6,496 करोड़ (मार्च, 2011) की तुलना में ₹ 7,033 करोड़ (मार्च, 2011) वृद्धि हुई। भवन निर्माताओं के साथ गठबंधन के लिए बैंक ने आधारभूत दिशानिर्देश तैयार किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेहतर ट्रैक रिकॉर्ड के भवन निर्माताओं से ही गठबंधन किया जाए इसलिए प्रतिष्ठित ट्रैक रिकॉर्ड के भवन निर्माताओं के साथ गठबंधन करने तथा नई प्रतिभाओं को ढूंढने का अधिकार आंचलिक प्रबंधक को दिया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विशेष रूचि वित्तीय सहायता योजना में बैंक भाग ले रहा है जिससे केन्द्रीय बजट की घोषणा अनुसार मध्य तथा निम्न आय वर्ग में आवास ऋण की मांग को प्रोत्साहित कर सके।

वर्ष के दौरान शैक्षणिक ऋण ने ₹ 1,720 करोड़ से ₹ 1,946 करोड़ की प्रगति करते हुए 13.14% का वृद्धि को दर्ज किया है। बैंक ने ब्याज आर्थिक सहायता योजना को अंगीकार किया है। जबकि शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के दौरान शैक्षणिक ऋण प्राप्त करनेवाले उधारकर्ता, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं, वे भारत सरकार, मानव संसाधन मंत्रालय से शैक्षणिक ऋण ब्याज आर्थिक सहायता के नोडल बैंक के मार्फत पात्र हैं। बैंक स्टार शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर ऋण प्रदान करने का सिलसिला बनाएं हुए है। इस दिशा में आंचलिक विपणन टीमें लगातार स्थानीय संस्थाओं से गठबंधन व्यवस्था बनाए हुए है जिससे विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति तेजी से शाखाओं द्वारा पूर्ण किया जा सके।

वर्ष के दौरान ₹ 1048 करोड़ से ₹ 1133 करोड़ तक प्रगति दर्शाते हुए ऑटोफिन क्षेत्र में 24.27% की वृद्धि दर्ज की गई है। विभिन्न प्रतिष्ठित ऑटो विनिर्माता जैसे मारूति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुन्दाई मोटर्स, टीवीएस, हीरो होन्डा के साथ गठबंधन की कार्यनीति अनवरत ऑटोफिन पोर्टफोलियो में वृद्धि करते हुए स्वस्थ खुदरा कारोबार कर रहा है।

महत्वपूर्ण खुदरा ऋण योजना के संबंध में वृद्धि निम्नलिखित है :

योजना	31.03.2010 बकाया (₹ करोड़)	31.03.2011 बकाया (₹ करोड़)	वृद्धि	
			राशि (₹ करोड़)	%
स्टार आवास ऋण योजना	6,496	7,033	537	8.27
स्टार शैक्षणिक ऋण योजना	1,720	1,946	226	13.14
स्टार ऑटोफिन ऋण योजना	1,133	1,408	275	24.27

संकल्प 10,000 - एक नये शिखर की ओर .....

बैंक की पुनः संरचना

इसकी वृद्धि की अभिलाषा मन में संजोए हुए बैंक ने नया उत्साही दूरदर्शिता संकल्प 10,000 का आरभ्म किया है। यह एक विशाल रूपांतरण की प्रक्रिया है जिसमें संरचना, अनुकूलन, प्रक्रियाओं तथा कारोबार लक्ष्य की समीक्षा का ध्येय है। इस कार्य में शीर्ष के अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार मेकिनसी एण्ड कंपनी को नियुक्त किया गया है जो अवसर, कार्यनीति प्रक्रियाएं, जोखिम प्रबंधन के उचित विकास की पहचान करेंगे तथा सर्वोपरि एक प्रभावी तथा ओजस्वी संस्थागत ढांचा का सलाह देगी जिससे आगामी समय में बैंक अनवरत वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

संकल्प 10,000 के आधार यह तीन स्तंम्भ हैः

- **प्रथम ग्राहक** - ऋण केन्द्रस्थ मॉडल द्वारा ग्राहक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाते हुए, नए ग्राहकों को प्राप्त करते हुए तथा नई पहल से सारभूत परिवर्तन करना।
- **विजेता टीम निर्माण** - सर्वोत्तम कौशल तथा क्षमताओं द्वारा विविधतापूर्ण तथा लाभप्रद भावी विकास हेतु।
- **श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन चालित संस्कृति** - सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी समर्थित प्रभावशाली संसाधन, प्रणाली तथा नियंत्रण।

परियोजना संकल्प के अन्तर्गत सितम्बर 2010 में बैंक का पुनः डिजाईन किया गया जिसमें कारोबार के दो प्रमुख समूह बनाए गए यथा (क) नेशनल बैंकिंग समूह तथा (ख) होलसेल तथा अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह जिससे कारोबार के प्रत्येक हिस्से पर और अधिक ध्यान दिया जा सकता है। इन दोनों समूहों के प्रमुख बैंक के दो कार्यपालक निदेशक हैं।

नेशनल बैंकिंग समूह (प्रधान कार्यालय) - नेशनल बैंकिंग समूह में निम्नलिखित कारोबारी इकाईयाँ समाविष्ट हैं :

- ग्रामीण बैंकिंग
- वित्तीय समावेशन
- खुदरा बैंकिंग
- एसएमई बैंकिंग

नेशनल बैंकिंग समूह महाप्रबंधक - नेशनल बैंकिंग में 5 महाप्रबंधक हैं जो देश के पांच भौगोलिक क्षेत्र केन्द्रीय, पूर्व, उत्तर, दक्षिण तथा पश्चिम में विभाजित है। यह पांच नेशनल बैंकिंग समूह महाप्रबंधक अपने संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों में बैंक की शाखाओं/अंचलों में ग्रामीण, खुदरा तथा एसएमई कारोबार का नेतृत्व करेंगे।

होलसेल तथा अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह (प्रधान कार्यालय) - होलसेल तथा इन्टरनेशनल बैंकिंग समूह में निम्नलिखित कारोबार इकाईयां हैं :

- बृहद कार्पोरेट बैंकिंग
- मध्य कार्पोरेट बैंकिंग
- परियोजना वित्त
- ट्रांजेक्सन बैंकिंग
- अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग
- कोषागार

बहु श्रेणीयों सहित कार्यरत होने पर, बृहद कार्पोरेट तथा मध्य कार्पोरेट कारोबार में प्रभावशाली ढंग से व्यवसाय कायापलट समय (टीएटी) को कम करने तथा उच्चता स्रोत जुटाव रिश्ते को अधिकतम करने तथा फीस आधारित आय बढ़ाने के लिए भी वर्टिकल तैयार किए गए। बेहतर प्रबंधन के लिए ऋण स्त्रोत को ऋण मूल्यांकन तथा स्वीकृति को अलग किया गया।

कारोबार इकाई सम्पूर्ण कारोबार (एक सिरे से दूसरे सिरे तक) के लिए जिम्मेदार है न कि केवल संबंधित ग्राहक/कारोबार हिस्सा के केवल ऋण के लिए। यह दायित्व कारोबार इकाईयों के लाभप्रदता विस्तार तथा सभी प्रकार के बैंकिंग कारोबर से सम्मिलित है जो हैं, जमाराशि, अग्रिम, फीस आय, अन्य/तृतीय पक्ष उत्पाद बिक्री।

प्रमुख विशेषताएं

- एक शीर्ष स्तरीय सभा लवासा (पुणे के नजदीक) में आयोजित की गई जहां बैंक के 120 लीडरों ने एक स्वर में संकल्प-10,000 मिशन को प्राप्त करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाया।
- इसी प्रकार क्षेत्रीय कार्यनीति सभा 10 क्षेत्रीय केन्द्रों यथा अहमदाबाद, भोपाल, चेन्नई, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, बंगलुरू, पुणे, लखनऊ तथा मुंबई साथ ही साथ प्रधान कार्यालयों में आयोजित की गई।
- संस्था का नया ढांचा बनाया गया तथा सभी पांच भौगोलिक क्षेत्र (केन्द्रीय उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण) में नेशनल बैंकिंग महाप्रबंधकों को तथा साथ ही साथ नए निर्मित पद (परियोजना वित्त, ट्रांजेक्शन बैंकिंग) ने अक्टूबर 14, 2010 को प्रभार ग्रहण किया।
- सभी 3294 खातों को उनकी लक्ष्य शाखा में कुल बिक्री मानकों के आधार पर सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया गया जो संकल्प 10,000 लक्ष्य की प्राप्त करने की प्रमुख कार्यनीति है।
- देशभर में चयनित समूह की ग्रामीण/अर्द्धशहरी शाखाओं के अधिकारियों, प्रबंधकों तथा प्रमुख अवार्ड स्टाफ को संकल्प थीम के बारे में पूरी तरह जागरूक करने एवं उनमें नया जोश एवं उत्साह भरने हेतु नए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ग्रामीण बैंकिंग

1. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

अपने बृहद ग्रामीण तथा अर्ध शहरी शाखाओं के नेटवर्क तथा प्रतिबद्ध कर्मचारियों सहित बैंक हमेशा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र तथा कृषि क्षेत्र की सेवाओं में लीडर रहा है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बड़े कारोबारी अवसर के अतिरिक्त विस्तृत सामाजिक जटिलताएं भी हैं।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ने ₹ 60,909 करोड़ का बकाया स्तर दर्ज किया है जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 40% के निर्धारित मानदंड़ के विरूद्ध 46.27% समायोजित निवल बैंक ऋण है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 14300 करोड़ का वितरण बजट विशेष कृषि ऋण योजना के अंतर्गत बैंक ने निर्धारित किया है। इसके विरूद्ध मार्च 2011 तक बैंक ₹ 16,629 करोड़ वितरित कर सका है।

विभिन्न हिस्सों के अंतर्गत प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम की स्थिति निम्नलिखित हैः

(₹ करोड़ में)

	31 मार्च तक		वृद्धि	
	2010	2011	राशि	प्रतिशत
1. कृषि	17,921	22,069	4,148	23.14
2. लघु उद्यम	25,810	31,297	5,487	21.25
3. शिक्षा	1,716	1,927	211	12.29
4. आवास	6,343	5,616	(727)	(11.46)
कुल प्राथमिकता क्षेत्र	**51,790**	**60,909**	**9,119**	**17.60**



2. केंद्रित जिलों में केंद्रीय प्रसंस्करण केन्द्र

संकल्प 10,000 पहल के कार्यान्वयन के रूप में कृषि ऋण में वृद्धि के उद्देश्य सहित चयनित अंचलों में केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किए गए। अब तक 15 सीपीसी खोले गए हैं तथा 35 और केन्द्रों को चालू वर्ष में खोलने की योजना है।

3. स्टार किसान साथीः

वर्ष के दौरान, बैंक ने नया उत्पाद स्टार किसान साथी का भी आरम्भ किया जिससे आसामी किसानों, बंटाईदाएं, भूमिहीन मजदूर योजना द्वारा गठित संयुक्त देयता समूहों को प्रायोगिक आधार पर चार अंचलों में कार्यान्वित किया गया। अब तक ₹ 6.23 करोड़ का वित्त 339 संयुक्त देयता समूहों को प्रदान किया गया।

4. किसान क्रेडिट कार्डः

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लक्ष्य कृषकों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के साथ ही साथ गैर-कृषि गतिविधियों सहित इस उद्देश्य के साथ है कि ऋण उपयोग के बारे में लचीली तथा परिचालनात्मक स्वतंत्रता मिल सके। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल ₹ 2,188 करोड़ का 3,17,024 नया किसान कार्ड जारी किया। बैंक के पास केसीसी 8,62,815 सक्रिय कार्ड है।

5. ऋण अदला-बदलीः

बैंक ने नई योजना यथा 'ऋण अदला-बदली' डिज़ाईन की है जिसका उद्देश्य ऋणग्रस्त कृषकों को साहूकारों के बकाया देय से मुक्ति दिलाना है तथा अस्वाभाविक ब्याज दरों पर गैर-संस्थागत देनदारों से ऋण भार से उनके द्वारा सामना की जा रही कठिनाईयों को कम करना है। बैंक ने 146 गांवो को साहूकारी प्रथा से मुक्ति दिलाई है तथा 12000 से अधिक लाभार्थियों को वित्तपोषित किया है।

6. विभेदक ब्याज दरः

बैंक द्वारा कार्यान्वित निभेदक ब्याजदर (डीआरआई) योजना नाम के अंतर्गत उत्पादक उद्यमों हेतु चयनित कम आय समूहों को 4% की छूट दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है। इस योजना के अधीन 10,620 खातों में वर्तमान शेष ₹ 26.51 करोड़ है।

7. अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रमः

अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु केन्द्रित ध्यान सहित, बैंक विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सिख, मुस्लिम, क्रिश्चियन, जोरास्ट्रियन तथा बौद्ध को वित्त प्रदान कर रही है। वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने विभिन्न समुदायों को 31.03.2011 तक ₹ 9,148 करोड़ वित्तपोषण किया। जिसमें 15.02% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम है।

8. व्यष्टि वित्त/व्यष्टि ऋण

वर्तमान में देश में गरीबी रेखा के नीचे 24 करोड़ व्यक्ति हैं। व्यष्टि ऋण योजना से अधिक स्व-नियोजन अवसर प्रदान कर तथा उन्हे ऋण योग्य बनाते हुए गरीबी स्तर से ऊपर उठाया जा रहा है।

बैंक ने ₹ 641 करोड़ एसएचजी/जेएलजी को उधार हेतु 29 व्यष्टि वित्तपोषण संस्थाओं को वित्तपोषण किया। ₹ 1,557 करोड़ के वित्तीय व्यय सहित 1,94,681 से अधिक एसएचजी ऋण संबद्ध बैंक के पास हैं। इनमें से 17,57,83S से अधिक महिला स्वंय सहायता समूह से संबद्ध हैं जिसमें बैंक का ₹ 1,897 करोड़ वित्तीय व्यय है।

9. सौर ऊर्जा आवास व्यवस्था प्रणाली

बिजली की समस्या से निपटने के लिए बैंक ने सौर ऊर्जा आवास बिजली प्रणाली की योजना को तैयार किया है। सौर ऊर्जा आवास बिजली प्रणाली की खरीद तथा संस्थापन के लिए भावी उधारकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान किया है। ₹ 15 करोड़ के वित्तीय व्यय सहित बैंक ने अब तक 5,000 इकाई स्वीकृत किया है।

10. मेगा परियोजना - 101 गांव :

इस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता निर्माण तथा शहरी सुविधाएं निर्मित करना है जिसमें शहरी ग्राहकों को उपलब्ध प्रौद्योगिकी ग्रामीण घरों में भी पहुंचाना है। अब तक, 17 राज्यों तथा 78 जिलों में फैले 140 गांवों को इस योजना ने कवर किया है। बैंक ने 45,000 खातों द्वारा इस योजना के अंतर्गत ₹ 415 करोड़ वित्तपोषित किया है।

11. किसान क्लब :

किसान क्लब का उद्देश्य ऋण, प्रौद्योगिकी अंतरण जागरुकता तथा क्षमता निर्माण के द्वारा किसानों का विकास। बैंक के कारोबार के विकास का यह प्रभावी साधन है। शाखाओं के द्वारा बैंक ने 4006 से अधिक किसान क्लब का गठन किया है।

12. निर्मल ग्राम योजना

बैंक ने नागरिक तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य योजना का आरम्भ किया है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत के शौचालय के निर्माण में सहायता प्रदान किया है। बैंक ने ₹ 5,000/- तथा ₹ 6,500/- के दो मॉडल तैयार किया है तथा 36,000 ग्रामीण घरों में शौचालय निर्माण को स्वीकृत किया है तथा महाराष्ट्र राज्य में 312 गांवों में 100% स्वच्छता को सुनिश्चित किया है।

13. अग्रणी बैंक दायित्व :

पांच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (12), मध्य प्रदेश (12), उत्तर प्रदेश (7) तथा उड़ीसा (2) में फैले 48 जिलों की अग्रणी बैंक दायित्व की जिम्मेदारी बैंक के पास है। इन सभी अग्रणी जिलों में बैंक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक के लिए ₹ 5,936 करोड़ का ऋण व्यय शामिल करते हुए सभी अग्रणी जिलों में वर्ष 2009-10 के लिए लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लागू की गई। बैंक की उपलब्धि ₹ 6,055 करोड़ रही जो वार्षिक ऋण योजना उपलब्धि का 102% है।

वित्तीय समावेशन

देश के दीर्घकालिक विकास तथा विस्तृत विकास प्रक्रिया का वित्तीय समावेशन एक अनिवार्य पक्ष है। वित्तीय समावेशन को व्यवहार्य कारोबारी प्रस्ताव समझते

हुए विपणन अभिमुख पहल को अपनाते हुए वित्तीय समावेशन में कूटनीति के परिवर्तन हैं। प्रतिमान निःसंदेह "सीएसआर" से "आर्थिक व्यवहार्यता में परिवर्तित हुआ। वित्तीय क्षेत्र द्वारा आवश्यक सुरक्षित और प्रभावशाली ढंग से कम लागत लेनदेन आईसीटी आधारित सॉल्यूशन की उपलब्धता से संभव हो सका है। दायित्व के बजाए संपार्श्व अवसर के द्वारा बैंक प्रत्याशित बैंकिंग सेवाएं देख रहा है।

बैंक ने वित्तीय समावेशन को महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक नए कारोबारी इकाई के रुप में तैयार किया है जिसमें बोर्ड द्वारा अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना (2010-13) है। बैंक कारोबारी संपर्की तथा आईसीटी आधारित हाथ में पकड़ने वाले यंत्रों (सूक्ष्म एटीएम) की सहायता से 29,000 गाँवों को बैंकिंग सेवाएँ देने, 125 लाख लोगों को ओवरड्राफ्ट सुविधायुक्त सीमित सुविधा (नो फ्रिल) खातों के जरिए उनके अत्यावश्यक खर्च की जरूरतों को पूरा करने, अपनी जीविका निर्वहन आय के लिए पात्रता प्राप्त लोगों को ठेकेदारी के लिए ऋण सुविधा देने, मोबाइल आधारित धनप्रेषण सुविधा देने मुख्यतः प्रवासी मजदूर / स्व-रोजगार व्यक्तियों को जो अपनी परिवार को पैसा भेज सके और बैंक के तृतीय पक्ष उत्पादो जिसमें सूक्ष्म बीमा शामिल की सुविधा मुहैया करवाने के लिए वचनबद्ध है ।

वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत प्रगति का सार निम्नानुसार हैं :

- खोले गए नो-फ्रिल खातों की संख्या : 50.07 लाख 2010-11 में 18.11लाख)
- जारी स्मार्ट कार्डों की संख्या : 6.01 लाख
- जारी जीसीसी/केसीसी : ₹ 761 करोड़ (273 लाख खाते)
- नियुक्त कारोबारी संपर्की : 1811
- कारपोरेट बीसी : 8
- नियुक्त चैनल प्रबंधन सांझीदार : 61
- गांवों की संख्या जहां 100% वित्तीय समावेशन प्राप्त किया : 2,992 (2000 से ऊपर की जनसंख्या) तथा 5077 (2000 से नीचे की संख्या)

बैंक ने 31.03.2011 तक 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले समस्त 2,992 गांवों में 100% वित्तीय समावेश का लक्ष्य प्राप्त किया जोकि भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित तिथि 31.03.2012 से पूर्व ही प्राप्त किया गया। पर्याप्त जोखिम कम करने के साथ सुदृढ परिचालन प्रणाली तथा सर्वोत्कृष्ट कार्यप्रणाली तैयार कर अनुपालन किया जा रहा है।

स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसइटीआई)

ग्रामीण युवाओं के मध्य बेरोजगारी की समस्या से निपटने के उद्देश्य से बैंक ने वर्ष 2005 में 'स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान' (एसएसपीएस) नामक समर्पित ट्रस्ट की स्थापना की पहल की। ट्रस्ट की स्थापना के तत्काल बाद दो एसएसपीएस (रुडसेटी) की स्थापना भोपाल एवं कोल्हापुर में की गई। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस पहल को मूल्यवान माना तथा इस प्रकार की संस्थाओं की स्थापना देश के प्रत्येक जिले में ग्रामीण श्रेत्रों के ग्रामीण बीपीएल युवाओं को तलाशने हेतु प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया। स्थापना, शब्दावली, प्रायोजन, प्रबंधन कार्यक्रम संरचना, स्टाफ एवं प्रशासन, एमआईएस परिभाषित किए गए। बैंक को संस्थाओं की स्थापना हेतु 42 केंद्र आबंटित किए गए। बैंक ने ऐसी 41 संस्थाएं झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में स्थापित की हैं। इन केंद्रों में 6,865 क्रेडिट इंपुट के साथ अभी तक 14,697 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

बैंक ने रांची (झारखंड), बाराबांकी (उत्तर प्रदेश), भोपाल (मध्य प्रदेश), पेन (महाराष्ट्र) तथा बेलगांव (कर्नाटक) में प्राथमिक स्वास्थ्य पर ध्यान, वयस्क साक्षरता, विस्तृत वित्तीय पहुंच तथा वृद्धि की योजना, सिविल सोसायटी संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पर्यावरणीय स्थिरता में एसएसपीएस (रुडसेटी) के कार्यक्षेत्र में विस्तार हेतु पांच एकीकृत एसएसपीएस (रुडसेटी) का विस्तार/स्थापित करने की योजना बनाई है। बैंक इन क्षेत्रों में व्यापक चुनौतियों का सामना करने हेतु जनसामान्य, निजी एवं सामाजिक क्षेत्र के विविध स्रोतों को साथ लाने के लक्ष्य हेतु तालमेल एवं फोसटर रणनीतिक साझीदारी करना चाहता है।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्शी केंद्र (अभय)

बैंक ने दैनिक आधार पर वैयक्तिक वित्त से संबंधित मामलों पर वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं के साथ वित्तीय व्यवहार की जटिलताओं के मूल्यांकन हेतु आम आदमी को वित्तीय साक्षरता देने की आवश्यकता को समझा है। आगे, जो ऋण के अप्रबंधन के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे है उन्हे भी दिवालियापन एवं चुकौती दायित्वों से बाहर निकलने हेतु ऋण परामर्श की आवश्यकता है ताकि उनके वित्तीय प्रबंधन में सुधार हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में बैंक ने (5) ऋण परामर्शी केंद्र "अभय" नाम से मुंबई, वर्धा, गुमला, कोलकाता और चैन्नई में खोले हैं जिनका कार्य वरिष्ठ एवं अनुभव बैंकरों द्वारा देखा जा रहा है। व्यथित उधारकर्ताओं के लिए अलग-अलग मामलों हेतु उपचारात्मक परामर्श के अलावा, मिडिया, कार्यशाला एवं सेमिनार के माध्यम से निवारण परामर्श भी दिया जा रहा है। अब तक परामर्श के 9,370 मामले लिए गए जिनका निवारण तत्काल करके व्यथित उधारकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कान लाई गई।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

बैंक ने (5) पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) झारखंड ग्रामीण बैंक (झारखंड राज्य), आर्यावर्त ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश राज्य), वैतरणी ग्रामीण बैंक (उड़ीसा राज्य), नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक (मध्य प्रदेश) तथा वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक (महाराष्ट्र राज्य) में प्रायोजित किए हैं। समस्त आरआरबी लाभ कमा रही हैं। इनमें से तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों अर्थात आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक तथा वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक की समस्त शाखाएं एवं प्रशासनिक कार्यालय अब सीबीएस प्लेटफॉर्म में हैं। अन्य दो बैंक भी अप्रैल, 2011 में इस स्तर पर पहुंच जाएंगे। हालांकि आरबीआई की निर्धारित तिथि 30.9.2011 कुल मिलाकर आरआरबी की 92%, शाखाएं 95% कारोबार के साथ सीबीएस के अधीन लाई गई है। यह बैंक शीघ्र ही आरटीजीएस और एटीएम सेवाएं भी शुरु करने जा रही है। समस्त आरआरबी का शाखा विस्तार 1,030 है जिन्होंने ₹ 15,411 करोड़ का मिश्रित कारोबार किया है।

एसएमई

इस क्षेत्र की विशेष कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बैंक ने नया एसएमई वर्टिकल तैयार किया है जिसके प्रमुख महाप्रबंधक है। एसएमई कारोबार में ₹ 100 करोड़ तक के कुल समस्त कारोबार गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए समग्र परिभाषा दी गई है। यह वर्टिकल केवल ऋण की वृद्धि को नहीं देखेगा, परंतु यह एसएमई क्षेत्र में कासा, खुदरा कारोबार, शुल्क आधारित आय तथा अन्य पक्ष उत्पादों को भी देखेगा।

बैंक द्वारा तैयार एसएमई कारोबार वृद्धि की रणनीति है :

- समस्त अंचलों को 5 नेशनल बैंकिंग समूहों में समूहित किया गया है।
- यह 5 नेशनल बैंकिंग समूह महाप्रबंधक की प्रमुखता वाले हैं जिन्हें कारोबार वृद्धि के लिए पर्याप्त प्रत्यायोजन दिए गए हैं।
- ₹ 1 करोड़ की सीमा से ऊपर के समस्त एसएमई ऋण कारोबार के लिए प्रसंस्करण हब के रुप में कार्रवाई हेतु एसएमई शहरी केंद्र बनाए गए हैं।
- 31.3.2011 से पूर्व 12 एसएमई शहरी केन्द्र परिचालन में हैं।
- जोखिम प्रबंधन उपाय के रुप में शहरी केंद्रों में क्रेडिट उद्भव और अलग प्रसंस्करण
- क्रेडिट प्रसंस्करण के लिए समर्पित टीम तथा लीड जनरेशन हेतु आऊटबाऊंड सेल्स टीम तथा कारोबार अभिग्रहण हेतु अनुवर्ती कार्रवाई लाई गई।
- टर्न एराऊंड टाइम को कम करने हेतु क्रेडिट प्रक्रिया को परिवर्तित तथा प्रत्यायोजन में संशोधन किया गया।
- एसएमई ग्राहकों को आवश्यकतानुसार बैंक प्रस्तावों में चार नए उत्पादन शुरु किए गए।
- शीघ्र संवितरण सुनिश्चित करने हेतु संवितरण पूर्व जोखिम राहत प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया।
- सीमा के आकार पर ध्यान न देते हुए समस्त एसएमई ग्राहकों हेतु सरलीकृत आवेदन फॉर्म प्रारंभ किया गया।
- एक बार में ग्राहकों के अनुरोधों के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए मुख्य जांच सूची तैयार की गई।
- कारोबारी प्रक्रिया में ज्यादा पारदर्शिता लाने हेतु एसएमई शहरी केंद्रों में ट्रेकिंग एवं निष्पादन प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ की गई।

2011-12 के दौरान नए एसएमई केंद्र

अंचलों में 2011-12 के दौरान 23 और एसएमई केन्द्र प्रारंभ करने की योजना है।

एमएसएमई के अधीन बैंक का निष्पादन

- 31.3.2011 तक सूक्ष्म एवं लघु क्षेत्र को अग्रिम ₹ 31297 करोड़ है।
- वर्ष 2009-10 में वृद्धि 21% से अधिक है।
- एमएसएमई (मध्यम उद्योग सहित) को अग्रिम ₹ 35586 करोड़ है।
- यह 2010 में 20% वृद्धि प्रदर्शित करता है।
- प्रमुखतः एमएसएमई स्पेस के सूक्ष्म एवं लघु क्षेत्रों में वृद्धि है।
- एमएसएमई पोर्टफोलियो पर आय 11.15% रही जो समग्र रुप से अग्रिम पर आय से अधिक बनी हुआ है।
- 3.88% के समग्र एनपीए की तुलना में एनपीए 6.50% रहा जो चिंता का क्षेत्र बना हुआ है।
- हमने ओटीएस योजना प्रारंभ की है तथा अंचलों/शाखाओं को वर्तमान वर्ष में एनपीए में कमी करने हेतु इस योजना का प्रभावी प्रयोग करने हेतु निदेशित किया है।

एमएसएमई के अधीन वृद्धि प्राप्त करने हेतु रणनीति

- क्लस्टर आधारित ऋण हेतु क्लस्टरों की स्थापना। प्रत्येक अंचल में कम से कम 2 क्लस्टरों की पहचान तथा एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह में वृद्धि हेतु क्लस्टर विर्निदिष्ट योजनाएं।
- एमएसएमई ऋण हेतु उच्च संभाव्य के साथ शाखा प्रबंधकों को सुग्राही बनाना ताकि एमएसएमई विशेषकर सूक्ष्म एवं लघु क्षेत्र में, ऋण प्रवाह को बढ़ाया जा सके।
- सीजीटीएमएसई कवर के बारे में प्रबंधकों एवं द्वितिय पंक्ति अधिकारियों को सुग्राही बनाना।
- सूक्ष्म क्षेत्र में ऋण प्रवाह में गति सुनिश्चित करने हेतु सीजीटीएमएसई कवरेज को प्रोत्साहित करना।
- एसएमई शहरी केंद्र के विक्रय अधिकारियों हेतु कार्यशालाओं का आयोजन करना।

फोरेक्स कारोबार

बैंक द्वारा संचालित फोरेक्स कारोबार ने विशाल वृद्धि दर्शाई है। वर्ष 2010-11 के दौरान, निर्यात कुल बिक्री ₹ 44,124 करोड़ एवं आयात कुल बिक्री ₹ 35,327 करोड़ थी। बैंक फोरेक्स कारोबार में अग्रणी प्लेयर रहा है। वर्ष के दौरान बैंक की कोषागार शाखा का कुल टर्नओवर ₹ 5,86,326 करोड़ था।

कोषागार निवेश

10 वर्ष की न्यूनतम दर से सरकारी प्रतिभूतियों पर दिनांक 31.03.2010 को आय 7.87% रही जो अब बढ़कर 31.03.2011 तक 8.01% है। यद्यपि वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की आय अत्यधिक अस्थिर रही तथा यह 7.37% से 8.25% की अत्यधिक विस्तृत सीमा में रही। हमारे बैंक ने आय तथा बाजार जोखिम के बीच संतुलन कायम रखते हुए निवेश के उच्च स्तर बनाए रखे। हमारे बैंक ने निवल मांग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) की 24% एसएलआर निवेश आवश्यकता से बढ़कर उच्च स्तर के एसएलआर निवेश को सिस्टम में अतिरिक्त नकदी तथा आरबीआई की आसान मुद्रा नीति के परिणामस्वरूप जमा वृद्धि के कारण बनाए रखा। हमारे कुल आधार पर एसएलआर निवेश ₹ 67859 करोड़ (कुल निवेश का ₹ 82.28%) तथा गैर एसएलआर निवेश ₹ 14611.16 करोड़ कुल निवेश का 17.72% रहा।

इस संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार निवेश किया गया। बाजार गतिविधियों/नियामक आवश्यकताओं की प्रतिक्रिया हेतु आवधिक तौर पर इस नीति की समीक्षा की जाती है।

कोषागार परिचालन

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने बाजार के सभी क्षेत्रों अर्थात निधियों, फॉरेक्स तथा बांड में सक्रिय भूमिका निभाई है। सरकारी प्रतिभूतियों की दर गतिविधि से लाभ लेते हुए बैंक ने अपने निवेश संविभाग को सुधारा तथा प्रतिभूतियों की बिक्री एवं व्यवसाय से लाभ अर्जित किए। बैंक ने विविध बाजार क्षेत्रों के मध्य अंतरपणन अवसर का लाभ उठाया है जिससे जमा प्रमाण-पत्र (सीडी), विदेशी विनिमय स्वैप की खरीद/बिक्री, मीयादी मुद्रा बाजार में अधिक रुपया निधि रख पाया जिससे 2.5-3.5% का विस्तार हुआ। हमने "टी" बिलों तथा अतिरिक्त प्रतिभूतियों के विरुद्ध सीबीएलओ/रेपो में उधार लेकर सीडी में ₹ 6,522.02 करोड़ का पोर्टफोलियो तैयार किया है तथा घरेलू मुद्रा बाजार में ₹ 4,653.70 करोड़ का ऋण दिया है जिससे अनुमानतः 2.50% का विस्तार प्राप्त हुआ है। बैंक ने कुछ अच्छी निजी एवं सरकारी कंपनियों के आईपीओ खरीदे है तथा ₹ 19.64 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। बैंक ने कुछ अग्रणी म्यूचुअल फंड की इक्विटी लिंकड ग्रोथ फंड में निवेश किया है तथा ₹ 8.40 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। हमने कुछ 40-50 प्रथम श्रेणी शेयरों तथा वर्तमान बाजार भावनाओं को देखते हुए विविध क्षेत्रों के चर्निंग स्क्रिप का समूह बनाने की रणनीति शुरु की है जिससे 31.03.2011 को ₹ 36करोड़ का लाभ अर्जित हुआ है (31.03.2010 को ₹ 13.42 करोड़ मात्र)

अन्तर्राष्ट्रीय परिचालन

बैंक की उपस्थिति 4 महाद्वीपों और 18 देशों में है जिनमें लंदन, न्यूयार्क, पेरिस, टोकियो, सिंगापुर और हांगकांग जैसे सभी प्रमुख वित्तीय केन्द्र सम्मिलित हैं। 31.03.2011 तक बैंक के विदेशी कार्यालयों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है।

भारतीय रिज़र्व बैंक से बैंक को अपने विदेशी परिचालन का विस्तार बांगलादेश, कनाडा, चीन, इजीप्त, न्यूज़ीलैंड, मेडागास्कर, कतार, दक्षिण अफ्रिका, ब्रिटेन (लीड्स एंड कॉवेन्ट्री) संयुक्त अरब अमीरात एवं वियतनाम में करने की अनुमति भी मिल गई है। 31 मार्च, 2011 को स्थानीय विनियामक आरबीएनजेड द्वारा न्यूज़ीलैंड में बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लिमिटेड को बैंक के रुप में पंजीकृत कर लिया गया है। बैंक का सिंगापुर में ग्लोबल प्रोसेसिंग केन्द्र (जीपीसी) है जो बैंक की विदेशी शाखाओं में आईटी प्रणालियों के मानकीकरण में मदद करता है जिससे प्रबंध सूचना प्रणाली और ग्राहक सेवा में सुधार होगा।

व्यापार वित्त एवं अन्य ऋणों के अलावा बैंक बहु-मुद्रा अंतर्राष्ट्रीय समूहन ऋण के लिए अधिदेशक अग्रणी व्यवस्थापन (एमएलए) और ज्वाइंट बुक रनर के रुप में कार्य कर रहा है तथा भारतीय कंपनियों को अपने विस्तार/अधिग्रहण व संयुक्त उद्यम के लिए यूएस डालर, जापानी येन, यूरो और ग्रेट ब्रिटेन पौंड मुद्राओं में ऋण की व्यवस्था की है।

बैंक ने वैश्विक धनप्रेषण केन्द्र (जीआरसी) मुंबई में शुरु किया है। जीआरसी में आवक धनप्रेषण, बचत बैंक खाते एनआरआई ग्राहकों के एनआरई/एनआरओ खाते खोलना केन्द्रीकृत किया गया है। हमने ट्रेड फाइनांस पोर्टफोलियो के दस्तावेजीकरण के कार्य को संभालने के लिए एक हब स्थापित करने की प्रक्रिया शुरु की है।

यथा दिनांक 31 मार्च, 2011 को विदेशी शाखाओं में जमा राशि ₹ 45922 करोड़ रही। अग्रिमों का स्तर ₹ 51,007 करोड़ जिसमें ₹ 14,884 करोड़ (41.2%) की वृद्धि दर्ज की गई। निवेश ₹ 4,093 करोड़ रही जिसमें मार्च 2010 की तुलना में ₹ 1,172 करोड़ (22.26%) की गिरावट हुई। मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए विदेशी शाखाओं का परिचालन लाभ ₹ 756 करोड़ रहा जिसमें मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के ₹ 544 करोड़ की तुलना में वृद्धि दर्ज हुई। निवल लाभ ₹ 495करोड़ में मार्च 2010 की तुलना में ₹ 200 करोड़ (67.8%) की वृद्धि हुई।

अन्य उत्पादों एवं सेवाओं की समीक्षा :

कार्ड उत्पाद :

बैंक के पास पांच क्रेडिट कार्ड उत्पाद हैं। बैंक से संबद्ध दो बैंक यथा बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लि. भी है जो ब्रांडनाम "इंडिया कार्ड" के अधीन क्रेडिट कार्ड जारी कर रहे हैं। वर्ष के दौरान कार्ड जारी करने के कुल कारोबार में 37.30% वृद्धि दर्ज की गई जो ₹ 405.09 करोड़ रही।

बैंक के पास चार डेबिट-सह-एटीएम कार्ड हैं। एक प्रीपेड कार्ड / गीफ्ट कार्ड। 31.03.2011 तक कुल जारी डेबिट कार्ड 68.22 लाख रहे जिसमें 24.43 लाख स्टारलिंक इंटरनेशनल एटीएम-सह-डेबिट कार्ड (वीज़ा इलैक्ट्रान), 43.24 लाख बीओआई ग्लोबल डेबिट-सह-एटीएम कार्ड (मास्टर कार्ड), 54,000 बींगो कार्डस, 1,360 गीफ्ट कार्डस तथा प्लेटिनम टेबिट कार्ड (मास्टर), सम्मिलित हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान डेबिट कार्डों ने 43.20% वृद्धि दर्ज की।

एटीएम में शेयरिंग के लिए बैंक ने अन्य बैंकों से द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय अनुबंध किया है। इस प्रकार हमारे कार्डधारकों को लगभग 50,000 एटीएम का उपयोग देशभर में करने का लाभ मिलता है। बैंक को भारत में मास्टर कार्ड के लिए कैशट्री और बैंक्स नेटवर्क में सेटलमेंट बैंक रहना जारी रहेगा।

बुलियन बैंकिंग

बुलियन बैंकिंग का प्रारंभ बैंक में नवंबर, 1997 में शुरु किया गया था। आरंभ में यह योजना सीप्ज तथा अहमदाबाद शाखा में थी तथा बाद में अन्य छह शाखाओं में इसे आरंभ किया गया। इस तिथि तक हालांकि शाखाओं को बुलियन कारोबार के लिए प्राधिकृत किया गया है केवल 5 शाखाओं अर्थात सीप्ज, अहमदाबाद मुख्य, बुलियन एक्सचेंज, चैन्ने बुलियन एवं बो बाजार शाखा बुलियन कारोबार कर रही हैं।

मॉडल गोल्ड कारोबार के अंतर्गत कार्य आधार पर आभूषण निर्यातकों एवं घरेलू ज्वेलर्स की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कॉमर्ज बैंक इंटरनेशनल एस.एस.यूबीएस, ए, जी एवं फर्स्ट रेंड बैंक से खरीदा गया है । बैंक ने वर्ष 2010-11 में ₹ 3261 करोड़ के टर्नओवर सहित 13723 किलोग्राम सोने की बिक्री की जिससे ₹ 16.68 करोड़ की आय अर्जित हुई। वर्ष के दौरान आय में 37.63% की वृद्धि हुई।

स्टार नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस)

बैंक की वर्ष 2000 सीएसएम स्पेस में सक्रिय उपस्थिति है। परंतु संपूर्ण सीएमएस में अत्याधुनिक वेब आधारित तकनीक को अपनाकर सुधार किया

गया है जो अगस्त, 2008 से परिचालन में है। बैंक 4-5 अन्य बैंकों के साथ संपर्ककर्ता बैंक के रुप में भी कार्य कर रहा है। बैंक के पास कुछ कार्पोरेट ग्राहक भी हैं जो सीएमएस सेवाओं का संतोषपूर्वक उपयोग कर रहे हैं। बैंक ने ओरेक्ल प्लेटफार्म पर वेब आधारित साफ्टवेयर का प्रयोग आरंभ किया है जिससे बैंक बहुसंख्यक लेनदेन संबंधित कार्य कर सकता है।

बैंक का प्रधान कार्यालय में सीएमएस के लिए अलग विभाग है जो सीएमएस की समग्र कार्यप्रणाली को नियंत्रित एवं निगरानी करता है। यह महाप्रबंधक (संव्यवहार बैंकिंग) के सीधे नियंत्रणाधीन है। एम.जी.रोड, मुंबई में स्थित सीएमएस हब इस पहल की परिचालनात्मक पक्ष का ध्यान रखता है।

बैंक की 3400+ शाखाएं हैं जो 1000 के अधिक शहरों और नगरों में सीबीएस प्लेटफॉर्म पर परिचालनगत हैं।विविध सीएमएस सेवाओं को प्राप्त करने के लिए सीएमएस ग्राहकों के लिए यह समस्त शाखाएं उपलब्ध करवाई जा सकती है।

उत्पाद वार क्षमताएं

क. स्थानीय वसूलियां

स्टार सीएमएस की वसूली एवं रिटर्न हेतु अब स्थिति वार प्रतिदिन एमआईएस उपलब्ध कराने की क्षमता है। बैंक, रिटर्न की विवरणात्मक सूची इन्क्रिप्ट ई-मेल द्वारा भी उपलब्ध करवा सकता है तथा यदि आवश्यकता हुई तो हार्ड कॉपी भी प्रेषित की जा सकती है।

ख. थोक वसूलियां

स्थानीय वसूलियों के अधीन कवर समस्त अवस्थितियों पर थोक वसूलियां दी जा सकती है परंतु पूर्व अनुमति से चूंकि रुपरेखा प्रणाली को शुरु करना होगा। सीधे डाटा अपलोड करने के लिए विवरण की सॉफ्ट कॉपी की आवश्यकता है।

ग. दूरस्थ वसूलियां

दिन 0-दिन 21 तक दिन व्यवस्था; जो हमेशा केंद्र विशिष्ट है।

घ. प्रत्यक्ष नकदी

नकदी प्रबंधन के लिए समस्त अवस्थितियों में प्रत्यक्ष नकद अवशोषित किए जा सकते है। यह सुविधा डोर स्टैप बैंकिंग पहल के अधीन दी जा रही है। दिन व्यवस्था टी+1 होगी।

ड. भुगतान :

बैंक पर आहरित ड्राफ्ट हेतु समस्त अवस्थितियों में पोजिटिव भुगतान सुविधा उपलब्ध है। बैंक के पास ड्राफ्ट/चेकों की थोक मुद्रण की सुविधा है तथा अवस्थितियां आवश्यकतानुरुप नियत की जा सकती है।

च. इलैक्ट्रॉनिक निपटान

बैंक के पास सीधे क्रेडिट और सीधे डेबिट सुविधा देने की प्रणाली क्षमताएं है। सीधे डेबिट के मामलों में आदेश सत्यापन आवश्यक है। टर्न एराउंड समय अवस्थिति पर निर्भर करता है।

छ. अन्य अतिरिक्त सेवाएं

अपनी शाखाओं में बैंक एनएफओ एवं राइट इश्यु के लिए आवेदन फार्मो के एकत्रण हेतु सेवाएं देने के लिए तैयार है।

अन्य पक्ष उत्पाद

जीवन बीमा हेतु गठजोड़

स्टार यूनियन दाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लिए जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए बैंक ने कार्पोरेट एजेंसी करार कर संयुक्त उद्यम आरम्भ किया। विभिन्न केन्द्रों में बीमा उत्पाद की बिक्री हेतु "विशिष्ट व्यक्ति" के रुप में बैंक के 815 कर्मचारी कार्यरत है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने ₹ 413 करोड़ का प्रीमियम संग्रहित किया। (पॉलिसियों की संख्या 60,000 से ऊपर) तथा संयुक्त उद्यम कारोबार में 60% से अधिक योगदान किया।

सामूहिक पॉलिसी के अधीन अपने स्टार शिक्षा ऋण तथा स्टार आवास ऋण पर वैकल्पिक जीवन बीमा कवर का प्रस्ताव जारी रखा हुआ है।

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि. (एनआईसीएल) के साथ सामान्य बीमा (गैर-जीवन) हेतु ताल मेल

आईआरडीए द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देशों के अनुपालन में एनआईसीएल के साथ वर्तमान तालमेल व्यवस्था को कारपोरेट एजेंसी वितरण में परिवर्तित किया गया जिसमें बैंक जैसे वितरकों के साथ बैंक इंश्योरेंस कारोबार कवर किया गया। बैंक ने "बीओआई राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा" स्वास्थ्य बीमा उत्पाद को सह-ब्रांड किया है जोकि एक फेमिली फ्लोटर मेडीक्लेम इंश्योरेंस है जिसे बहुत ही कम प्रीमियम पर बैंक ऑफ़ इंडिया के खाताधारकों को उपलब्ध करवाया गया है। इसमें खाता धारक, पत्नी और अधिकतम दो आश्रित बच्चों को कवरेज दी गई है। संपूर्ण परिवार (खाताधारक, उसकी पत्नी तथा दो आश्रित बच्चे) को बीमाकृत राशि की सीमा तक कवर किया गया है जिसमें बीमाकृत राशि पर परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग समय में लाभ लिया जा सकता है। यह एक प्रसिद्ध उत्पाद है और 31.03.2011 तक 1,10,000 बैंक ऑफ़ इंडिया खाताधारकों ने यह पॉलिसी ली है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान एनआईसीएल हेतु बैंक द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम ₹ 117 करोड़ रहा जिससे ₹ 12.82 करोड़ की कमीशन अर्जित की गई।

म्यूचुअल फंड उत्पादः

बैंक ग्राहकों की सभी प्रकार की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। बैंक ने निम्नलिखित 9 आस्ति प्रबंधन कंपनियों का अधिकाधिक विविध म्यूचुअल फंड उत्पादों की बिक्री कर रहा है। बिडला एवं लाइफ म्यूचुअल फंड, डीएसपी ब्लैक रॉक म्यूचुअल फंड, फ्रैंकलिंन टेंप्लटन निवेश, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईएनजी म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड, रिलांयस म्यूचुअल फंड तथा यूटीआई म्यूचुअल फंड।

आस्ति वसूली एवं एनपीए प्रबंधनः

वर्ष 2010-11 में भी एनपीए प्रबंधन के क्षेत्र के निष्पादन के सुधार की यात्रा जारी रही। एनपीए में कमी करना बैंक की सर्वोत्कृष्ट प्राथमिकता है तथा इस कार्य में धीरे-धीरे महत्ता बढ़ रही है। एनपीए की प्राप्ति और वसूली करने के लिए आवश्यक उपाय प्रारंभ किए गए। बट्टेखातों की वसूली तथा एनपीए खातों में अप्रभारित/वसूल न किए गए ब्याज में वसूली को अधिक करने हेतु प्रयास किए गए जिसने बैंक के लाभ में महत्ता से बढ़ोत्तरी की।

निम्न तालिक पिछले 3 वर्षों में एनपीए वसूली प्रबंधन को दर्शाती है :

(₹ करोड़ में)

मद	31.03.09 (वास्तविक)	31.03.10 (वास्तविक)	31.03.11 (वास्तविक)
कुल एनपीए (ओपनिंग)	**1,931**	**2,471**	**4,883**
कम करें :			
नकदी-वसूली	676	622	895
अद्यनतीकरण	325	204	1,038
बट्टे खाते	384	743	881
कृषि ऋण छूट/ऋण राहत योजना 2008	175	0	0
कुल कमी	**1,560**	**1,569**	**2,814**
जोड़े :			
स्लिपेज	2,100	4,162	2,908
वसूल न किया ब्याज (यूआरआई) (वित्त वर्ष 2009-10 से प्रारंभ)	–	181	166
कुल एनपीए (क्लोजिंग)	**2,471**	**4,883**	**4,811**
बट्टे खाते/यूसीआई/यूआरआई की वसूली	352	300	
निवल एनपीए	**628**	**2,207**	**1,945**
कुल अग्रिमों पर कुल एनपीए का%	1.71	2.85	2.23
निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए का%	0.44	1.31	0.91

वर्ष के दौरान, बिड तथा पोर्टफोलियो आधार पर हमने विभिन्न एआरसी की ₹ 21.69 करोड़ की 9 क्षतिग्रस्त आस्तियों को नकदी आधार पर बेचा।

लघु खातों में वसूली में तेजी के लिए दो वर्तमान योजनाओं को वर्ष बैंक द्वारा संशोधित किया गया जो निम्न है :

i) ₹ 50 लाख तक के एनपीए हेतु स्टार संजीवनी प्रोत्साहन योजना

ii) अवमानक संवर्ग में ₹ 100 लाख तक के खातों के उन्नयन हेतु प्रोत्साहन योजना।

इन योजनाओं का प्रारंभ क्षेत्र स्तर के स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने और व्यावसायिक वसूली एजेंटो पर निर्भरता को कम करने के अभिप्राय से किया गया है। इससे प्रत्येक स्तर पर स्टाफ को सम्मिलित किए जाने तथा इस क्षेत्र में वसूली में सुधार के रुप में भरपूर लाभ मिला है।

स्टार संजीवनी प्रोत्साहन योजना के अधीन निष्पादन निम्नानुसार रहा :

(₹ करोड़ में)

2010-11 के दौरान वसूली	राशि
लाइव एनपीए में वसूली	189.44
बट्टे खाते में वसूली	29.12
कुल वसूली	218.56

एनपीए के शीघ्र समाधान हेतु लोक अदालत में प्रतिभागिता एवं वसूली कैपो का कार्य अंचलों में बड़े स्तर पर किया जा रहा है। बैंक ने लोक अदालत एवं वसूली कैप के माध्यम से ₹ 165 करोड़ की वसूली की।

शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

भौगोलिक तौर पर भारत तथा विदेशों में बैंक का काफी विस्तृत शाखा नेटवर्क है। मार्च 2011 तक भारत में बैंक की कुल 3490 शाखाएं थी। विश्व के सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों तथा ऑल टाइम जोन में 24 शाखाओं तथा 5 प्रतिनिधित्व कार्यालयों द्वारा हमारी उपस्थिति का अनुभव होता रहता है।

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने 283 नई शाखाओं के सहित 02 विस्तार काउन्टरों को पूर्ण शाखाओं में परिवर्तित किया। इन शाखाओं का वितरण है- महानगरीय - 32, शहरी-39, अर्द्ध शहरी-142 तथा 70 ग्रामीण।

बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्नलिखित हैः

प्रवर्ग	31.03.2010		31.03.2011	
	शाखाओं की संख्या	कुल का %	शाखाओं की संख्या	कुल का%
महानगरीय	628	19.58	660	18.91
शहरी	607	18.93	645	18.49
अर्द्ध शहरी	701	21.86	841	24.15
ग्रामीण	1,271	39.63	1,344	38.51
कुल शाखाएँ	3,207	100	3,490	100

घरेलू बाजार में कुछ प्रवर्गों की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए - बैंक की 279 विशेषीकृत शाखाएं हैं। इन शाखाओं का अलग-अलग विवरण निम्नलिखित है :

	विशेषीकृत शाखाओं का प्रवर्ग	31.03.2010	31.03.2011
1.	एसएमई शाखाएं	29	100
2.	ओवरसीज शाखाएं	04	03
3.	कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	13	00
4.	बृहद कार्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	02	10
5.	मध्य कार्पोरेट शाखाएं	28	40
6.	एन.आर.आई. शाखाएं	06	04
7.	वसूली शाखाएं	15	15
8.	वाणिज्यिक शाखाएं तथा व्यक्तिगत बैंकिंग	36	30
9.	कोषागार शाखा	01	01
10.	आवास तथा व्यक्तिगत वित्त शाखाएं @	27	33
11.	सरकारी कारोबार शाखा	01	01
12.	बुलियन बैंकिंग शाखा	01	01
13.	सेवा शाखाएं	37	40
14.	केंद्रीकृत पेंशन प्रसंस्करण शाखा	–	01
	कुल	**201**	**279**

@ - रिटेल हब को सम्मिलित कर

भारतीय रिज़र्व बैंक की उदारवादी नीति के अनुसरण में शाखा प्राधिकृत नीति के अंतर्गत कुछ शाखाएं वैकल्पिक स्थानों पर चली गई तथा कुछ विस्तार

काउन्टर, जिसे स्थान लाभ था, उन्हें पूर्ण शाखा में परिवर्तित किया गया। यह नीति आगामी वर्ष में भी जारी रखने का इरादा है।

प्रभावी तिथि 01.12.2009 से भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी शाखा प्राधिकृत नीती को और उदारवादी कर दिया है जिसके अन्तर्गत 50,000 से कम जनसंख्या के केन्द्रों पर बिना उनसे पूर्वानुमति लिए बैंक शाखाएँ खोल सकता है। इस प्रवर्ग में बैंक ने 181 केन्द्रों पर शाखाएं खोलने का प्राधिकार अंचलों को दिया।

एक नज़र में स्थिति

वर्षान्त तक	31.03.2010	31.03.2011
कुल शाखाओं की संख्या	3,236	3,519
विदेशी	29	29
भारतीय	3,207	3,490
जिसमें से :		
महानगरीय	628	660
शहरी	607	645
अर्द्ध शहरी	701	841
ग्रामीण	1,271	1,344
कम्प्यूटरीकृत शाखा		
पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत	3,207	3,490
आंशिक कम्प्यूटरीकृत	–	–
विशेषीकृत शाखाएं	201	279
विस्तार पटल	57	55

विपणन एवं प्रचार

प्रमुख पहलें:

- **प्रशिक्षण:**

  बिक्री दल तथा संपर्की प्रबंधकों को समय-समय पर प्रशिक्षण केंद्र अथवा आंचलिक कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान अप्रैल व मई, 2010 में प्रत्येक अंचल के सभी विपणन प्रमुखों और चयनित बिक्री दल व आरएसएम के लिए प्रबंधन विकास संस्थान, मुंबई में प्रशिक्षण दिया गया।

- **बिक्री दल स्वचालन (एसएफए) पैकेज :**

  बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सॉफ्टवेयर पैकेज जिसका नाम है बिक्री दल स्वचालन (एसएफटी) अर्थात अग्रणी प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ किया है। प्रणाली प्रभावी रूप से विभिन्न स्तरों पर सृजित लीड को कैप्चर मॉनिटर, ट्रैक, समाप्त व विश्लेषण करेंगी। प्रणाली का उपयोग प्रोत्साहन योजना का प्रबंध करने के लिए भी किया जाएगा।

- **शीघ्र सफलता अभियान:**

  डायमंड ग्राहकों को मिलने के लिए प्रभावशाली संपर्क अभियान डायमंड ग्राहकों से संपर्क, उनका डाटा अद्यतन करने, केवाईसी अनुपालन, नए मूल्यवान खाते खोलने, विभिन्न बैंक उत्पादों व अन्य पक्ष उत्पादों की प्रति बिक्री के लिए 15 केंद्रों पर अभियान प्रारंभ किया गया था। अभियान के दौरान एक लाख से भी अधिक डायमंड ग्राहकों से संपर्क किया गया।

- **सुड लाइफ अभियान** प्रायोगिक आधार पर जीवन बीमा उत्पादों के विपणन के लिए दिनांक 14.01.2011 को 5 अंचलों में प्रारंभ किया।

- **खुदरा कारोबार केंद्र** खुदरा उधार कारोबार की गुणवत्तात्मक व मात्रात्मक वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए प्रायोगिक आधार पर दिनांक 14.01.2011 को 5 अंचलों में प्रारंभ किए गए।

बैंक ने कार्पोरेट छवि और पहचान को निखारने के उद्देश्य से 'रिश्तों की जमापूँजी' की वर्तमान धारणा के आधार पर विभिन्न मीडिया अभियान शुरु किए। इस उद्देश्य से हमने तीन और टीवीसी हमारी रिश्तों की धारणा के आधार पर बनाए हैं जो बुजुर्ग दम्पत्ति, दोस्तों और बस से संबंधित हैं। इन्हें राष्ट्रीय चैनल के साथ-साथ क्षेत्रीय चैनलों पर भी प्रसारित किया गया।

हम अपने उत्पादों का विज्ञापन समाचार पत्र, पत्रिकाओं, टेलीफोन, होर्डिंग, बैनर, बसपैनल, ट्रेन, रेल्वे स्टेशनों पर ग्लोसाइन, इवेंट एवं स्पांसरशिप, प्रचार पत्र तथा ब्रोशर आदि के जरिये भी कर रहे हैं। हमारा प्रयास ब्रांड इमेज निर्माण, प्रभावी प्रचार के माध्यम से हमारे विभिन्न उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और पहचान को बढ़ाने पर केन्द्रित है।

परिचालनात्मक गुणवत्ता

ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता

बैंक संकल्प 10,000 के अंतर्गत निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ग्राहक केंद्रित एप्रोच के माध्यम से ग्राहक सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

ग्राहक अभिमुखता को महत्व देने तथा पारदर्शी तरीके से सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता, जानकार निर्णय लेने के लिए ग्राहकों को आवश्यक जानकारी देने हेतु बैंक, बैंकिंग कोड एवं भारतीय मानक बोर्ड का उसकी स्थापना 2006 से ही स्वैच्छिक सदस्य रहा है। बीसीएसबीआई संशोधित कोड, 2009 को बैंक द्वारा तत्परता से अपनाया गया था और उसे वेबसाईट पर प्रदर्शित किया गया है। संशोधित कोड की प्रतियाँ ग्राहकों की जानकारी के लिए उन्हें वितरित कर दी गयी हैं।

बैंक ने आईबीए द्वारा तैयार की गई विभिन्न ग्राहक केंद्रित नीतियों को अपनाया है जैसा कि जमाराशि नीति, चेक संग्रहण नीति, शिकायत निवारण नीति, क्षतिपूर्ति नीति, देयताओं की वसूली तथा प्रतिभूति पुनः कब्जा नीति, मृतक जमाकर्ता खाते में देयताओं के निपटान की सरलीकृत प्रक्रिया और मृतक ग्राहकों के मामले में सुरक्षित अभिरक्षा तथा एसडीवी लॉकरों की वस्तुओं का वितरण।

बैंक ने वर्ष के दौरान शाखाओं में ग्राहक सेवा में वृद्धि करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:-

- अपेक्षित स्टाफ व्यवहार पर बैंक परिसर में चित्रित की गई एक लघु फिल्म भारत भर सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सहभागियों को दिखाई जाती है।
- समस्या क्षेत्र का पता लगाकर तथा तत्परता से सुधारात्मक उपाय प्रारंभ करने के लिए अर्द्ध वर्ष अंतराल पर शिकायतों का मूल कारण विश्लेषण किया जाता हैं।
- आंचलिक कार्यालयों को उनकी ओर से शिकायतों को बंद करने का तथा मूल कारण विश्लेषण करने का प्राधिकार दिया गया है। इससे शिकायतों

के निपटान के समय में कमी होगी, शिकायतों के मूल कारण का पता लगाकर तत्परता से सुधारत्मक उपाय किए जा सकेंगें तथा ग्राहक तुष्टिकरण वृद्धि में सहायता होगी।

- संप्रेषण के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का उपयोग करने से अधिकांश मामलों में शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए लगने वाले समय को 10 दिनों तक संक्षिप्त किया गया है।
- शिकायत निपटाने में लगने वाले समय में कमी करने और समय पर सुधारात्मक उपाय करने में मदद मिल सके इसलिए विश्लेषणात्मक रिपोर्ट सृजित करने हेतु वेब आधारित ग्राहक शिकायत प्रबंध प्रणाली (सीसीएमएस) अद्यतन की गई है।
- ग्राहक तथा स्टाफ को नज़दीक लाने व ग्राहक सेवा में सुधार, यदि कोई है, करने के लिए वर्ष के दौरान दो बार ग्राहक सेवा व शिकायत निपटान सप्ताह मनाया गया।
- आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालयों के अधिकारियों के दौरों के माध्यम से शाखाओं द्वारा विभिन्न ग्राहक अनुकूल उपायों का अनुपालन किए जाने का आवधिक मूल्यांकन किया जाता है और उसके पश्चात तत्परता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।
- अद्यतन नोट छँटाई मशीन/नोट आँथेंटिकेशन मशीन लगाकर भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति कार्यान्वित की जाती है।
- ग्राहकों के हितार्थ सभी ग्राहक केंद्रित अनिवार्य जानकारी वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है और वह सभी शाखाओं में उपलब्ध है।
- ग्राहकों की शिकायतों के लिए उन्हें विभिन्न चैनल प्रदान किए है जिसमें ई-मेल, फोन इत्यादि भी शामिल हैं।

जोखिम प्रबंधन एवं नियंत्रण

जोखिम की पहचान तथा प्रबंधन बैंकिंग कारोबार का मर्म है। इसलिए जोखिम प्रबंधन का अर्थ जोखिम कम करना नहीं है बल्कि जोखिम प्रबंधन का लक्ष्य है जोखिम पुरस्कार समझौताकारी तालमेल के लिए आशावादी होना। इस परिप्रेक्ष्य में बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक केवल वही जोखिम स्वीकार करता है जो निश्चित की गई है और प्रणाली द्वारा पर्याप्त रूप से क्षतिपूरित की गई है, संतुलित व उच्च एकीकृत जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क विकसित की है। इसलिए यह जोखिम का होलिस्टिक संगठनात्मक परिदृश्य देखकर उसके न्यूनीकरण का अभ्यास करता है।

बैंक में, विभिन्न जोखिम के प्रबंधन के लिए शीर्ष कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर समिति द्वारा सहायता प्राप्त शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है। विभिन्न अवस्था अर्थात पहचान, मापन, निगरानी एवं नियंत्रण, सम्मिलित जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया उद्यम बृहत जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन डेरिवेटिव, एएलएम, विदेशी मुद्रा एवं डीलिंग रूम परिचालन हेतु नीतियों में समाविष्ट है। इन अवस्थाओं से एक नियंत्रण चक्र स्थापित होता है, जिसमें प्रतिपुष्टि एवं फीड फॉरवर्ड लूप भी शामिल होते हैं।

समस्त गतिविधियों एवं उत्पाद में सभी संभावित जोखिम की पहचान, परिभाषा बृहत विश्लेषण के माध्यम से तथा उनकी जांच परिचालनात्मक स्तर पर जोखिम समिति तथा टॉस्क फोर्स द्वारा की जाती है। बैंक की जोखिम रूपरेखा भी तिमाही आधार पर तैयार की जाती है। विभिन्न साधन एवं प्रणाली जैसे विवेक सम्मत सीमा, नया बासेल अनुवर्ती ऋण श्रेणी निर्धारण मॉडल, ऋण लेखा परीक्षा, बाजार जोखिम हेतु वीएआर मॉडल, परिचालनात्मक जोखिम के लिए मुख्य जोखिम संकेतक की ट्रेकिंग के साथ संयोजित स्व निर्धारण कार्य द्वारा पहचान किए गए जोखिम के निर्धारण/मापन हेतु प्रारंभ किए गए हैं। विश्लेषण के लिए व्यापक आंक़ड़े उपलब्ध कराने हेतु डाटा भंडारण परियोजना कार्यान्वित की गई है। बैंक ऋण जोखिम प्रबंधन सॉफ्टवेयर कार्यान्वित कर रहा है जो आंक़ड़ों की गुणवत्ता एवं पूर्णता तथा इसके जोखिम प्रबंधन कार्य को अद्यतन करने में बैंक की सहायता करेगा।

31.03.2008 से प्रभावी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार ऋण एवं बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण तथा परिचालनात्मक जोखिम हेतु मूल संकेतक दृष्टिकोण पर आधारित नयी पूंजी पर्याप्तता संरचना (बासेल II) के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता के परिकलन की दिशा में बैंक स्थानांतरित हुआ है।

विभिन्न जोखिम के निर्धारण/मापन, इसकी जोखिम वहन क्षमता की सीमा एवं जोखिम व जोखिम प्रकृति के संबंध में आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के लिए वार्षिक आधार पर बैंक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) कार्य करता है। चरम स्थिति में भी संभावित प्रभाव की बेहतर समझ से बैंक को अवगत कर जोखिम निर्धारण की वृद्धि के लिए दबाव जांच प्रक्रिया क्रियाशील है। भविष्य में जोखिम नियंत्रक कार्य एवं संपूर्ण संस्था दोनों के लिए निर्णय लेने और स्वतंत्र नियंत्रक कार्य के निष्पादन के निर्धारण हेतु भी उपर्युक्त से एक उद्देश्य आधारित कार्य अपेक्षित है।

बैंक जोखिम प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता और कड़ाई में वृद्धि करने के लिए अधिक परिष्कृत ॲप्रोच की ओर अंतरित होने की तैयारी कर रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

शाखा स्वचालन

बैंक की सभी शाखाएं अब सीबीएस के अंतर्गत हो गई हैं। अब नई शाखाएं सीधे सीबीएस प्लेटफार्म के अधीन खोली जा रही हैं। इसके अतिरिक्त ये सभी शाखाएं आरटीजीएस/एनईएफटी युक्त हैं। बैंक के स्थापना दिवस अर्थात् 07.09.2010 को बैंक ने 105 नई शाखाएं सीधे सीबीएस के अंतर्गत खोली हैं तथा 105 नए एटीएम स्थापित किए हैं।

नियमित बैंकिंग माड्यूल के अलावा बैंक ने यह सुनिश्चत किया है कि सहायक पोर्टफोलियो अर्थात सरकारी कारोबार, सेफ डिपॉजिट वाल्ट, सार्वजनिक भविष्य निधि, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) सरकारी बांड, सीबीएस प्लैटफॉर्म के अंतर्गत सिमलेसली एकीकृत किए गए हैं जिससे प्रत्येक के लिए एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है और विभिन्न प्रणालियों के मध्य भागदौड़ को टाला जाता है। बैंक ने स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी), सीबीएस और विभिन्न भुगतान प्रणाली/अन्य एप्लीकेशन के मध्य बहुविध प्रणालियों में डाटा प्रविष्टि की आवश्यकता को मिटाने के लिए एवं उससे डाटा की एकीकृतता व विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वित की है।

निम्नलिखित ग्राहक केंद्रीत अभिवृद्धियाँ कार्यान्वित की गई हैं:

- 1 अप्रैल, 2010 से बचत बैंक खाते में ब्याज की गणना को मासिक उत्पाद आधार से दैनिक उत्पाद आधार में परिवर्तित कर दिया गया है।
- विदेशी केंद्रों में एनआरई/एनआरओ खाते खोलने वाले एनआरआई ग्राहकों हेतु वेलकम किट प्रारंभ किए।
- बैंक की वेबसाइट का मराठी पाठ प्रारंभ किया गया।
- वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों और सिफारिशों पर बैंक की कारपोरेट वेबसाइट (अंग्रेजी) विकलांग व्यक्तियों हेतु सक्षम बनाई गई है।
- बैंक ने विद्यमान वर्टिकल प्रारूप जिसमें ब्योरे दो पन्नों पर मुद्रित होते हैं के विरूद्ध हौरिजेंटल फॉरमेट में बचत खाते की पासबुक तैयार की है जिसमें उसी पन्ने पर लेन-देन के सारे ब्योरे मुद्रित किए जाते हैं।
- भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) की आवश्यकताओं के अनुसार पासबुक व खातों की विवरणियों पर बैंक हेल्पलाईन नंबर मुद्रित करता है।
- बैंक ने डेबिट सह एटीएम कार्ड के लिए इंस्टा पिन जारी करना प्रारंभ किया है। इससे रि-पिन अप्राप्ति की ग्राहकों की शिकायतें संबोधित होगी और रि-पिन के सृजन तथा प्रेषण में होने वाले प्रयास तथा खर्चों में बचत होगी।
- डायमंड ग्राहकों को पीडीएफ प्रारूप में ई-मेल के जरिए खातों की तिमाही समेकित विवरण प्रेषित की जाती है।

डाटा केन्द्र

मूल साईट से दूसरी साईट के बीच भौतिक हार्डवेयर बुनियादी सुविधा की 1:1 बाहुल्य 15 मिनट के रिकवरी टाइम ओबजेक्टीव (आरटीओ) सहित तथा आईएसओ 27001:2005 मानक सहित प्रमाणित डाटा केन्द्र को बैंक ने सफलतापूर्वक स्थापित किया है। मूल साईट मुंबई में स्थित तथा आपदा प्रबंधन साईट (डीआर) बंगलुरू में स्थित है। शून्य आंकड़ा हानि हेतु मूल्य साईट भंडारण प्रतिकृति सहित नियर साईट (एनआर) स्थापित की गई है। डाटा सेंटर प्रतिदिन औसतन 43 लाख लेन-देन का संचलन करता है। यूपीएस द्वारा दो जेनरेटर सेट 24 घंटे दोहरी ऊर्जा आपूर्ति सहित सभी कार्यलय, शाखाएं तथा डाटा केन्द्र वेन नेटवर्क से जुड़े हैं।

डाटा केन्द्र ने तीन चरणीय एप्लीकेशन संरचना बनायी है डेटाबेस, एप्लीकेशन तथा वेब जो आधुनिकतम परिचालन प्रणाली आरडीबीएमएस सहित विभिन्न उच्च सर्वर में विस्तृत है जिसके एप्लीकेशन बेहतर प्रबंधन तथा कार्यनिष्पादन हेतु है।

उपलब्धता/क्षमता आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बैंक सुरक्षा तथा नेटवर्क की डिजाईन की गई है। सर्वर तथा नेटवर्क फार्म्स के संवेदनशील क्षेत्रों हेतु बायोमेट्रिक पहचान सहित सशक्त भौतिक सुरक्षा नियंत्रण भी डाटा केन्द्र में है। पॉवर कुलिंग, अग्निरोधक तथा डाटा केन्द्र बुनियादी सुविधा के अधिकतम प्रबंधन तथा अधिकतम बिल्डिंग प्रबंधन प्रणाली सहित 24X7X365 दिनों का समर्पित स्रोत है। संपूर्ण परिसर सर्विलेंस कैमेरा से निगरानी 24X7X365 दिनों की जाती है।

बैंक की पूर्णतः कार्यरत आपदा वसूली साइट है और तत्परता को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक तिमाही में आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित और निष्पादित किया जाता है। मूल से डीआर साईट परिचालन पर जाने के लिए बैंक के पास 15 मिनट का आर टी ओ है। डीआर साईट का उपयोग रिपोर्ट निर्माण करने के लिए किया जाता है जिसमें उद्योग में स्रोतों के बेहतर उपयोग का अधिकतम लाभ उठाया जाता है।

बैंक का वैश्विक प्रसंस्करण केंद्र (जीपीसी) सिंगापोर में है जो उसकी विदेशी शाखाएं केंद्रीय हब से जोड़ता है और उसकी सभी विदेशी शाखाओं के लिए प्रसंस्करण में समर्थ है। यह 24 X 7 केंद्रीय हब है जो पूर्व में जापान से लेकर परिचय में यूएसएतक की 24 विदेशी शाखाओं के सूचना प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। समान हार्डवेयर तथा उचित सॉफ्टवेयर सहित आपदा प्रबंधन साइट स्थापित किया गया है जो डाटा केंद्र से साइट तक डाटा का ऑनलाइन रिप्लीकेशन करना है। एक आपदा प्रबंधन सेट अप सिंगापोर में है तथा दूसरा मुंबई में है। दोनों डीआर साइट में रियल टाइम आधार पर संव्यवहारों को रिप्लीकेशन किया जाना है। उच्च उपलब्धता को सुनिश्चित करने के ले नियमित आधार पर प्रणाली पदा प्रबंधन अभ्यास कराया जाता है।

एसएमएस- एलर्ट स्टार संदेश

धोखाधड़ी रोधक उपाय के रूप में, एसएमएस एलर्ट जनित किए जाते हैं तथा समस्त ग्राहकों को जिनके मोबाईल नंबर बैंक के साथ पंजीकृत हैं, के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं :

- सुपुर्दगी चैनल (इंटरनेट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) से समस्त नामे संव्यवहार।
- ₹ 25,000/- तथा अधिक के समस्त नामे समाशोधन संव्यवहार।
- समस्त ग्राहकों जिन्होंने ₹ 10,000/- तथा अधिक के नामे अंतरण तथा नकदी भुगतान अभिप्रेरित किया
- ₹ 10,000/- तथा अधिक के समस्त नामे ईसीएस संव्यवहार
- समस्त नामे आरटीजीएस संव्यवहार।
- चेक बुक जारी करने के अनुरोध को स्वीकार करने की पावती।

इंटरनेट बैंकिंग

हमारे सभी ग्राहकों के लिए जनोपयोगी सेवा बिलों के भुगतान, वायुयान एवं रेल टिकट बुकिंग, ऑन लाइन शॉपिंग, इंटर बैंक एवं इंट्राबैंक फंड अंतरण, कर भुगतान हेतु शीघ्रतम सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

बैंक भारत में प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जिसने अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में दोनों खुदरा एवं कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को टू-फैक्टर ऑथेन्टिकेशन (2 एफए)-स्टार टोकन क्रियान्वित किया है। बैंक के ग्राहक

माऊस के क्लिक से घर एवं कार्यालय से ही किसी भी समय, कहीं भी, कैसे भी, झंझट रहित सुरक्षित बैंकिंग की सुविधा का लाभ लेते हैं।

वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई कुछ विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

- इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को ऑनलाइन सावधि जमा करने में सक्षम बनाता है।
- हॉटलिस्टिंग/रिसेट/अनब्लॉक इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का उपयोग करके डेबिट सह एटीएम कार्ड पिन में परिवर्तन।
- वार्षिक कर विवरण को देखना (फार्म 26 एएस)
- स्टार ई ट्रेड - ऑन लाइन शेयर ट्रेडिंग - गुप्ता इक्विटीज के साथ एकीकरण
- बैंक के डेबिट सह एटीएम कार्ड धारक ग्राहकों को ऑन लाइन ई पेमेंट सुविधा का विस्तार। इससे ग्राहक उनके डेबिट सह एटीएम कार्ड का उपयोग क्रेडिट कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग खाते के अतिरिक्त ई भुगतान के लिए भी कर सकेगें।

मोबाइल बैंकिंग सेवाएं

मोबाइल बैंकिंग सुविधा का आरंभ नवीनतम वैकल्पिक सुपुर्दगी - चैनल के रूप में किया गया है जो ग्राहकों को बैंकिंग गतिविधियां मोबाइल बैंक की सुविधा से किसी भी समय तथा कहीं से भी बैंकिंग की सुविधा प्रदान करता है। इस सुविधा का विस्तार समस्त खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों में किया गया है जिसमें बकाया जानना, अंतिम पांच संव्यवहार, चैक की स्थिति, निधि हस्तांतरण तथा मोबाइल भुगतान जैसी विशेषताएं सम्मिलित हैं।

अन्य ऑन-लाइन सेवाएं

बैंक निम्नलिखित उपयोगिता वर्धित सेवाएं प्रदान कर रहा है :-

- आरटीजीएस/एनईएफटी के प्रयोग से, स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से बैंकों के बीच ऑन-लाइन इंटरबैंक निधि अंतरण
- बीओआई स्टार ई-भुगतान- विविध जनोपयोगी सेवाओं/ बिलों के ऑन-लाइन भुगतान या ऑटो भुगतान।
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर का ई-भुगतान
- शेयरों में ट्रेड करने हेतु स्टार ई-शेयर ट्रेड
- ई-फ्रेट भुगतान
- डीजीएफटी लाइसेंस शुल्क का ऑन-लाइन भुगतान
- रेल्वे एवं हवाई यात्रा टिकट की ऑन-लाइन बुकिंग
- शिक्षा ऋण हेतु ऑन लाइन आवेदन
- खुदरा इंटरनेट बैंकिंग ग्राहक जिनका किसी भी डीपीओ के साथ खाता है उनके लिए ब्लॉक की गई राशि से समर्थित (एएसबीए) आईपीओ निर्गम आवेदन करने के लिए ऑन-लाइन निविदा सह आवेदन के लिए प्रावधान।

स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम)

बैंक, नेशनल फाइनेंशल स्विच (एनएफएस) से जुड़ा है जिससे ग्राहक देशभर के 70,000 से अधिक एटीएम का प्रयोग कर सकते हैं। बैंक कैश-ट्री, बैंक्स एवं एसबीआई समूह नेटवर्क का भी सदस्य है। बैंक विभिन्न स्थानों में नए एटीएम (दोनों ऑन-साइट तथा ऑफ साइट) स्थापित कर रहा है। वर्ष 2010-11 के दौरान 605 नए एटीएम स्थापित किए गए यथा 31.03.2011 बैंक के 1,425 एटीएम हैं।

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में (आरआरबी) सीबीएस का कार्यान्वयन

बैंक ने वर्ष के दौरान बैंक द्वारा प्रायोजित 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में ग्रामीण ग्राहकों को "किसी भी समय, कहीं भी, कैसे भी" बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सीबीएस के कार्यान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की 1,040 शाखाओं में से 949 शाखाएं सीबीएस में अंतरित हो गई है। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक एवं वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंकों का 100% अंतरण हो गया है।

अन्य नवीन पहलें

कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं में तकनीक का लाभ लिया जा रहा है :

- वित्तीय समावेशन परियोजना - अबैंकीकृत सेक्टर को बैंक से ज़ोड़ना
- सौर ऊर्जा परियोजना - पर्यावरण हितैषी - ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तकनीकी ऊर्जा।
- वी-सेट कनेक्टीविटी परियोजना- नेट वर्किंग/ग्रामीण एवं दूरवर्ती स्थलों को ज़ोड़ना
- सहयोगपूर्ण संचार-वास्तविक कक्षा सत्र/हाई-डेफीनेशन ऑडियो/विडियो उपकरणों का संस्थापन
- शारीरिक रूप से विकलांगों के आसान प्रयोग हेतु एटीएम तथा बायोमेट्रीक एटीएम का संस्थापन
- ऋण आवेदन प्रसंस्करण प्रणाली (सीएपीएस)
- मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली
- एनआरआई ग्राहकों से संबंधित कुछ कार्यकलापों को केंद्रीकृत करने के लिए स्थापित वैश्विक धनप्रेषण केंद्र जो लगने वाले समय को कम करके उत्पाद वितरण करेंगे और जो सक्रिय विपणन कार्यनीति तथा शिकायत निवारण तंत्र से समर्थ होंगे।

प्रबंधन सूचना प्रणाली

सीबीएस का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक ने डेटा मायनिंग साल्यूशन सहित डेटा वेयरहाउस (डीडब्ल्यूएच) भी स्थापित किया है जिससे बैंक, निर्णय में समर्थन हेतु प्रबंधन सूचना प्रणाली समर्थ हो और वह अपने कारोबारी आसूचना लक्ष्य शीघ्रता से व प्रभावी रूप से प्राप्त कर सके। इस सॉल्यूशन के कार्यन्वयन से बैंक का डेटा वेयरहाउस कोर बैंकिंग प्रणाली से दैनिक संव्यवहार डेटा संग्रहित करना है। साथ-साथ ही बैंक डेटा के गुणवत्ता में सुधार के लिए पहल करना है तथा बैंक की प्रबंध सूचना प्रणाली अत्यधिक परिष्कृत तथा

परिशुद्ध बन गई है। बैंक अधिकांश भारतीय रिज़र्व बैंक रिपोर्ट, भारत सरकार के रिपोर्ट, आंतरिक उद्देश्य से रिपोर्टों का सृजन जीडब्ल्यूएच डेटाबेस के आधार पर करता है। शीर्ष प्रबंधन को प्रदान किए गए डैशबोर्ड का उपयोग प्रभावी रूप से कारोबर वृद्धि तथा जहाँ वहीं पर आवश्यकता है वहाँ समय पर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। कारोबारी आसूचना लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बैंक ने कारोबार विश्लेषणात्मक औज़ार कार्यान्वित किया है।

सूचना सुरक्षा

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक बैंकिंग, तकनीक जोखिम प्रबंधन तथा साइबर अपराधों पर कार्यकारी समूह गठित किया है। यह समूह बैंक के सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उत्पन्न विभिन्न मामलों की जांच करता है तथा सूचना प्रौद्योगिकी के नौ विस्तृत क्षेत्रों जैसे अभिशासन, सूचना सुरक्षा, आईएस, लेखा परीक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी परिचालन, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं आऊटसोर्सिंग, साइबर अपराध, कारोबार निरंतरता योजना, ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम तथा विधिक पहलूओं पर अपनी सिफारिशें देते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने बुनियादी संस्थागत ढांचा का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का तथा 31 अक्टूबर 2011 तक ऐसी नीतियां और प्रक्रियाएं लाने का आदेश दिया है जिनके लिए व्यापक बजटीय सहायता, बुनियादी अथवा तकनीकी परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

इन दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन हेतु बैंक सूचना प्रौद्योगिकी शासन की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया में है जिसमें विभिन्न विभागों की सूचना प्रौद्योगिकी सेवा प्रबंधन की मानक प्रक्रियाओं को अपनाने तथा आईटी सेवा सुपुदर्गी, कॉबिट (आईटी पर नियंत्रक उद्देश्य) मानक का कार्यान्वयन के प्रतिनिधित्व वाली सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति सम्मिलित होगी।

उपर्युक्त उपायों द्वारा चरणबद्ध ढंग से भारतीय रिज़र्व बैंक की सिफारिशों को कार्यन्वित करने में सुविधा होगी। "सूचना जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया से सुधार हेतु बैंक ने कई कदम उठाए हैं जैसे ग्राहक संबंधी डाटा की सुरक्षा हेतु पीसीआई-डी एमएस प्रमाणन प्राप्त करना। कारोबार निरंतरता पर बीएस-25999 नामक परियोजना को शुरू किया है जो विनाशकारी स्थिति में समस्त महत्वपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी आस्तियां तथा कोषागार विभाग के लिए प्रभावी कारोबार निरंतरता सुनिश्चित करेगी।

बैंक उपक्रमवार पहचान तथा एक्सेस प्रबंधन प्रणाली, समस्त शाखाओं के मध्य सक्रिय निदेशिका को तैयार करने की प्रक्रिया में है ताकि सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग बैंकिंग परिचालन में सरलता, तीव्रता एवं सुरक्षात्मकता से किया जा सके।

मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विभाग कंपायमान संगठनात्मक संस्कृति के सृजन के लिए सचेष्ट रहा जिससे कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक सर्वोत्तम कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित हुए। मानव संसाधन विभाग सतत प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम और मोड्यूल के माध्यम से कर्मचारियों के सामर्थ्य में वृद्धि करने और विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों की बदलती हुई कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें कौशल व ज्ञान से सज्जित करता है।

बैंक के देशभर में छः प्रशिक्षण महाविद्यालय हैं। प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई शीर्ष स्तर का प्रशिक्षण संस्थान है, चार स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय महत्वपूर्ण स्थानों यथा भोपाल, चेन्नै नोयडा एवं कोलकाता में हैं। इसके अतिरिक्त एक सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण केन्द्र (आईटीटीसी) पुणे में भी है। वर्ष के दौरान इन महाविद्यालयों में बैंक के 22644 एवं अन्य संगठनों के 13560 कर्मचारियों को 1044 कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया।

पिछले एक वर्ष के दौरान 3066 नए सीधी भर्ती अधिकारियों ने बैंक में कार्यग्रहण किया। उनके लिए एमडीआई बेलापुर, नवी मुंबई में विशिष्ट इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम कैम्पस से भर्ती किए गए चार्टड एकाउंटेंट, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव व फाइनांस एक्जीक्यूटिव के लिए भी थे। ऐसी प्रत्येक बैच को महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने या तो प्रबंधन विकास संस्थान, बेलापुर अथवा हमारे बीकेसी सभागृह में संबोधित किया। नए भर्ती किए गए लिपिकों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम एसटीसी भोपाल, नोएडा, चैन्नै एवं कोलकाता में आयोजित किए गए। पात्र व्यक्तियों के लिए भर्ती पूर्व एवं पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला अधिकारियों एवं लिपिकों, सेवा निवृत्त अधिकारियों आदि के लिए भी विशेष कार्यक्रम किए गए।

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इन्स्टीट्यूट, गुड़गांव में नए पदोन्नत उपमहाप्रबंधकों के लिए पांच दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय प्रशासनिक स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय, हैदराबाद में 3 बैचेस में नए पदोन्नत सहायक महाप्रबंधकों के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हमारे प्रशिक्षण केन्द्रों में अन्य संस्थाओं के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। एमडीआई बेलापुर में बोर्स प्रोगाम में अन्य बैंकों से अच्छी संख्या में सहभागिता हुई। हमारे एमडीआई ने सीबीआई अधिकारियों के लिए भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग में अनुभव के लिए बैंक ने 53 अधिकारियों को हमारी विदेशी शाखाओं में प्रतिनियुक्त किया। 630 अधिकारियों को भारत में बाहरी संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया और 21 अधिकारी विदेश में प्रशिक्षण, सम्मेलन एवं सेमिनार के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे।

विभिन्न प्रबंधन संस्थान के 540 विद्यार्थियों ने बैंक में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का लाभ उठाया। बैंक ने 54 उम्मीदवारों को दो साल के बैंकिंग एवं वित्त में पूर्णकालीन पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम में एनआईबीएम, पुणे में प्रयोजित किया है।

बैंक ने ई-लर्निंग शुरू किया है जिसके आने वाले महीनों में व्यावहारिक तौर पर लागू होने की आशा है। स्टारडेस्क के अन्तर्गत कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के ई-लर्निंग मॉड्यूल उपलब्ध कराए गए हैं।

बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के अन्तर्गत लाइव-ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। इससे बैंक में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ऑन लाइन नामांकन हेतु मदद मिली।

अपने ज्ञान के अद्यतनीकरण कोशल वृद्धि के लिए इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ़ बैंकिंग एवं फाइनांस (आईआईबीएफ), एवं अन्य प्रतिष्ठत संस्थाओं द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षा उत्तीर्ण करने पर स्टाफ सदस्यों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन योजना भी प्रचलन में है।

बैंक में जो वैश्विक मानव संसाधन है उसमें 14821 अधिकारियों, 17216 लिपिकों एवं 7748 सपोर्ट स्टाफ का समावेश यथा दिनांक 31.03.2011 को है।

आंतरिक प्रकाशन (तारांगण)

एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ़ इंडिया (एबीसीआई) (एबीसीआई) द्वारा विभिन्न प्रवर्गों में बैंक की तिमाही गृह पत्रिका "तारांगण" को मुंबई में ग्रैंड अवार्ड नाइट में तीन पुरस्कार प्रदान किए गए। विशेष कॉलम (अंग्रेजी) - रजत टॉफी, द्विभाषी प्रकाशन - ब्रॉंझ ट्रॉफी व फीचर्स (अंग्रेजी) बॉंझ ट्रॉफी तथा वे महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के नेतृत्व में तारांगण टीम ने ग्रहण किए।

मुंबई का एक प्रमुख सांस्कृतिक व साहित्यिक संगठन "आशिर्वाद" द्वारा बैंक की गृह पत्रिका "तारांगण" को वर्ष 2009-10 के लिए (नवंबर 2010 को प्राप्त) "उत्कृष्ट गृह पत्रिका अवार्ड" प्रदान किया गया।

नीतियाँ भर्ती एवं पदोन्नती

कारपोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैंकिंग जैसे सेवा अभिमुख उद्यम में ग्राहकों की सतत बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुसरण में सतत आधार पर नवीनतम उत्पाद प्रारंभ करने पर सफलता निर्भर रहती है। संपूर्ण बैंकिंग उद्योग में स्टाफ की तीव्र कमी बनी हुई है और सभी बैंक लिपिक तथा अधिकारी दोनों ही संवर्गों में कर्मचारियों की भर्ती करने हेतु हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अधिवर्षित कर्मचारियों के बदले युवा कर्मचारियों को भरने के लिए/सुधार करने के लिए सीधे बाजार से या कैंपस के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु विभिन्न निहित बाध्यताओं - जैसे कि युवा अभ्यर्थियों की ग्रामीण तैनाती स्वीकारने की अनिच्छा, मौद्रिक क्षतिपूर्ति, सभी सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों द्वारा साथ में भर्ती इत्यादि के कारण बैंक इसमें आंशिक रूप से सफल हो सका है।

बैंक ने कप्रग्रेवे 1 में 2,000 सामान्य बैंकिंग अधिकारी और 2,467 लिपिक स्टाफ की भर्ती के लिए कदम उठाए हैं। नये भर्ती किए गए लिपिक तथा विशेषज्ञ अधिकारियों समेत अधिकारी वित्तीय वर्ष 2011-12 के प्रथम तिमाही में कार्यग्रहण करने की अपेक्षा है। कप्रग्रेवे 1 में 250 कृषि अधिकारी, 100 विपणन अधिकारी, मप्रग्रेवे II में 100 वित्त कार्यपालक, मप्रग्रेवे II में 200 सनदी लेखाकार, मप्रग्रेवे II में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और यह शीघ्र ही समाप्त होने की अपेक्षा है।

पूर्वानुमानित शाखा विस्तार/कारोबार विस्तार के साथ-साथ सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को ध्यान में रखते हुए 1,500 अधिकारियों और 2,400 लिपिकों की भर्ती वित्तीय वर्ष 2011-12 में करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त कार्यमूलक तथा समर्थक विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विभागों कृषि, विपणन, वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि, मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध, तकनीकी (मूल्यांकन) में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती की योजना है।

नए भर्ती स्टाफ सदस्यों को कौशल तथा ज्ञान का आवश्यक स्तर प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण महाविद्यालयों को विशेष तैयार किए गए परिचय कार्यक्रमों के अनुरूप तैयार किया गया है।

मानव संसाधन अगाडी पर की जानेवाली अन्य पहलों में शामिल हैं-

- बैंक की श्रमशक्ति आवश्यकताओं का वैज्ञानिक मूल्याकन
- वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का सरलीकरण
- अधिक उद्देश्य परक और वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए पदोन्नति नीति की समीक्षा
- मानव संसाधन समस्याओं का संपूर्ण समाधन करने के लिए अधिक एचआरएमएस मॉड्यूल (गतिविधियाँ) का समावेश व एकीकरण।
